dainikchetna@gmail.com
(Advt.)

dainikchetna1@gmail.com
(News)

भिवानी से प्रकाशित — हरियाणा का सर्वप्रथम हिन्दी दैनिक

# दैनिक चेतना

चेतना स्थापित 1957 — संस्थापक : महान कर्मयोगी स्व. देवव्रत वशिष्ठ

DAINIKCHETNA
+91-9728055600
+91-9992340678
www.dainikchetna.com

वर्ष 43 अंक : 111 | पो.रजि.नं.पी/बीडब्ल्यूएन/16/2024-2026 | मंगलवार 17 सितम्बर, 2024 | पृष्ठ संख्या : 8 | मूल्य : 1.00 रूपया

## चुनावों में दो करोड़ से ज्यादा मतदाता 20629 बूथों पर करेंगे मतदान: पंकज अग्रवाल



चेतना संवाददाता।
चंडीगढ़।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री पंकज अग्रवाल ने बताया कि आगामी 5 अक्तूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा के आम चुनाव-2024 में प्रदेश के 2,03,54,350 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदान के लिए 20,629 पोलिंग बूथ बनाए गए है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में 27 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया था। उसके उपरांत 2 सितंबर, 2024 तक वोट बनवाने के लिए फार्म-6 जमा करवाये जा सकते थे जिनके निपटान के फलस्वरूप 1,29,392 नए मतदाता सूची में शामिल हुए, जिसमें 64,031 पुरुष, 65,352 महिलाएं और 9 थर्ड जेंडर मतदाता जुड़े। अब प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या 2,03,54,350 है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विभाग की वेबसाइट ceoharyana.gov.in पर मतदाता सूचियां अपलोड है, कोई भी मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में चेक कर सकता है। इसके अलावा, वोटर हेल्पलाइन नंबर- 1950 पर कॉल करके भी अपनी वोट को चेक किया जा सकता है। वोट डालने के लिए मतदाता सूची में नाम शामिल होना अनिवार्य है।

### प्रदेश में 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 8,821 मतदाता

पंकज अग्रवाल ने बताया कि 2,03,54,350 मतदाताओं में से 1,07,75,957 पुरूष, 95,77,926 महिलाएं और थर्ड जेंडर 467 मतदाता है। उन्होंने बताया कि 18 से 19 आयु वर्ग के 5,24,514 युवा मतदाता है। इसी प्रकार, 1,49,142 दिव्यांग मतदाता तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के 2,31,093 मतदाता हैं। इसके अलावा, 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 8,821 है। इसके अतिरिक्त, 1,09,217 सर्विस मतदाता है।

### विधानसभा चुनाव के लिए 1031 उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव

13 सितम्बर को नामांकन पत्रों की जांच की गई और 16 सितम्बर, 2024 तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापिस ले सकते थे। 16 सितम्बर तक कुल 190 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन वापिस लिए गए। इसी प्रकार अब विधानसभा चुनाव-2024 के लिए कुल 1031 उम्मीदवार हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव-2014 में 1351 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में यह संख्या 1169 उम्मीदवारों की थी।

## कांग्रेस पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त, परिवारवाद और क्षेत्रवाद को दिया बढ़ावा: नायब सैनी

**तीसरी बार भाजपा की डबल इंजन की सरकार तीव्र गति से हरियाणा का करेगी विकास**




इन्द्री/घरौंडा। चेतना ब्यूरो।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हुड्डा ने दस साल हरियाणा प्रदेश में शासन किया, लेकिन इस दस साल के शासन पर 56 दिन का शासन भारी पड़ गया। उन्होंने कहा कि यह तो ट्रेलर है, लेकिन आठ तारीख के बाद पिक्चर प्रदेश की जनता दिखाने का काम करेगी। तीसरी बार सत्ता में आते ही डबल इंजन की सरकार ओर मजबूती से काम करेगी। वह आज इन्द्री आयोजित जन आर्शीवाद रैली को सम्बोधित कर कर रहे थे। उन्होंने इन्द्री की जनता से आह्वान किया कि इन्द्री से भाजपा प्रत्याशी रामकुमार कश्यप को भारी बहुमत से जितवाकर चंडीगढ़ भेजने का काम करें। उन्होंने वायदा किया कि वह आप सभी कार्यकर्ताओं का ढोल नगाड़ो के साथ मुख्यमंत्री आवास पर स्वयं स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आगे कहा कि पांच तारीख को हरियाणा प्रदेश की 2 करोड़ 80 लाख जनता निर्णय कर देगी कि तीसरी बार भी भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि 56 दिन के अंदर आपके भाई ने 126 ऐतिहासिक फैसले लिये, जिसकी प्रशंसा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने की। उन्होंने कहा कि इन्द्री से चंडीगढ जाने में कांग्रेस राज में चार साल लगते थे, लेकिन भाजपा सरकार जिस प्रकार तेज गति से विकास करवाया, अब इन्द्री से चंडीगढ जाने में मात्र डेढ़ घंटा लगता है। उन्होंने हुड्डा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हुड्डा को विकास दिखाई नहीं दे रहा। हुड्डा को सिर्फ परिवारवाद व क्षेत्रवाद ही दिखाई देता है। कांग्रेस पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है और हुड्डा भाजपा से हिसाब मांगने निकले हैं। उन्होंने जनता और कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि 5 अक्तूबर तक एकजुट होकर काम करें, बाकि काम मुझ पर छोड़ दें।

### जिनके खुद के बहीखाते खराब हैं, वो हमारा हिसाब लिए फिरते हैं...

सीएम नायब सैनी ने हुड्डा पर तंज कस्ते हुए कहा कि दिल में कसक है, चेहरे पर नकाब लिए फिरते हैं, जिनके खुद के बहीखाते खराब हैं वो हमारा हिसाब लिए फिरते हैं। सैनी ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री बने अभी दो माह भी नहीं हुए हैं लेकिन सरकार द्वारा लिए फैसलों से विपक्ष बौखला गया है। अभी तो कांग्रेस ने ट्रेलर देखा है 8 तारीख के बाद पूरी फिल्म दिखाने का काम करेंगे। पिछले दस वर्षों में भाजपा सरकार ने अनेक हितकारी निर्णय लिए हैं। तीसरी बार डबल इंजन की सरकार मजबूती से जनहित में कार्य करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रामकुमार कश्यप को भारी मतों से जिताने की अपील की।

### झूठ बोलो राज करो के नारे के साथ आगे बढ़ रही कांग्रेस: सैनी

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने बहुत से झूठे वादे किए लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई। अंग्रेज बोलते थे फूट डालो राज कारो और कांग्रेस बोलती है झूठ बोलो राज करो। कांग्रेस इसी नारे के साथ आगे बढ़ रही है। कांग्रेस ने हिमाचल में झूठ बोला और अब 2 साल हिमाचल में सरकार बने हो गए हैं लेकिन आज तक एक नौकरी नहीं दे पाई। कर्नाटक में झूठ बोलकर कांग्रेस सत्ता में आई। कांग्रेस ने कहा था कि वोट दो और सरकार बनने पर 2 हजार रुपए महिलाओं को दिए जाएंगे लेकिन एक पैसा महिलाओं को नहीं दिया गया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री कहते हैं कि विकास के लिए पैसा नहीं है।

## बड़ा बस हादसा, यात्रियों से भरी दो बसों की भिडंत, 50 लोग घायल

चेतना ब्यूरो।
खरखौदा/सोनीपत।

बहादुरगढ़ हाईवे पर गांव खुरमपुर मोड़ से पहले दो निजी बसों में आमने-सामने की भिड़ंत में करीब 50 सवारियों को चोट लगी है। इनमें करीब 25 घायलों के हाथ-पैर की हड्डी टूटने के साथ ही सिर पर भी चोट आई है। करीब 45 घायलों को खरखौदा के सरकारी अस्पताल में उपचार देने के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

खरखौदा-बहादुरगढ़ मार्ग पर दो निजी बस आवागमन कर रही थी। सोमवार शाम करीब सवा चार बजे जब बसें खुरमपुर मोड़ से पहले आमने सामने आई तो उनमें टक्कर हो गई। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि बहादुरगढ़ से खरखौदा की तरफ से आने वाली बस ने अपना संतुलन खोते हुए विपरीत दिशा में आकर बस में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बसों में सवार यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद बसों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने वाहनों को रोककर दोनों क्षतिग्रस्त बसों से घायलों को बाहर निकालना शुरू किया। इसके बाद उन्हें खरखौदा के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से करीब 45 घायलों को उपचार देकर पीजीआई रोहतक भेज दिया गया।

सोमवार शाम को खरखौदा के सरकारी अस्पताल का नजारा डरावना बना हुआ था। यहां पहुंचे घायलों ने अस्पताल में भी चीख-पुकार मचा दी। अस्पताल के चिकित्सकों ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देना शुरू किया। सोनीपत से टीम भी अस्पताल में पहुंची। जिसके बाद घायलों को पीजीआई, रोहतक रेफर कर दिया गया। हादसे में बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं सहित करीब 50 लोगों को चोट आई थी। इनमें काफी संख्या में सवारियों के हाथ-पैर टूट गए थे।

**बेड कम पड़े तो जमीन पर किया उपचार**

खरखौदा के अस्पताल में एक साथ बड़ी संख्या में घायलों के पहुंचने से चिकित्सक व अन्य स्टाफ उन्हें प्राथमिक उपचार देने में जुट गया। अस्पताल में घायलों की संख्या ज्यादा होने पर बेड कम पड़ गए। इसके चलते कई घायलों को फर्श पर ही लेटा कर उपचार देना पड़ा।

**चुनाव प्रचार में जुट प्रत्याशी भी अस्पताल में पहुंचे**

चुनाव प्रचार में जुटे प्रत्याशियों को जब हादसे का पता लगा तो वह अस्पताल में पहुंचने शुरू हो गए। जयवीर सिंह, पवन खरखौदा व प्रीतम खोखर ने अस्पताल में पहुंचकर घायलों को हाल पूछा और उपचार मिलने..शेष पृष्ठ दो पर

## बेटे भव्य का प्रचार करने पहुँचे कुलदीप बिश्नोई, ग्रामीणों ने किया विरोध, मारपीट की नौबत आई



हिसार। चेतना संवाददाता।

सोमवार को बीजेपी नेता कुलदीप बिश्नोई आदमपुर सीट से भाजपा उम्मीदवार और अपने बेटे भव्य बिश्नोई के लिए चुनाव प्रचार करने कुतियावाली गांव पहुंचे थे। यहां पर उन्हें जनता के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि उनके इस विरोध के दौरान घटना को फोन में रिकॉर्ड कर रहे एक ग्रामीण का कुलदीप बिश्नोई के समर्थकों ने उनका फोन छीनकर तोड़ दिया। इसके बाद यह विरोध और बढ़ गया, जिससे ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का मुक्की शुरू हो गई।

**ग्रामीणों ने लगाए ये आरोप**

वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि उनके गांव पर किसी ने कभी भी ध्यान नहीं दिया है। यहां पर कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। आज जब कुलदीप अपने बेटे भव्य के लिए प्रचार करने पहुंचे तो सवाल पूछे, लेकिन जवाब देने की बजाए गुस्सा करने लगे।

ग्रामीणों का कहना है कि जब तक हमारे सवालों का जवाब नहीं मिलता, तब तक हम किसी को भी प्रचार नहीं करने देंगे। उधर, पुलिस ने किसी भी प्रकार के बवाल से इनकार किया है। साथ ही, कुलदीप बिश्नोई की तरफ से भी कोई बयान सामने नहीं आया है।

**नशे में थे कुछ लोग**

वहीं, बिश्नोई समर्थकों ने कहा कि कुलदीप बिश्नोई और भव्य बिश्नोई गांव में चुनाव प्रचार के लिए..शेष पृष्ठ दो पर

## कांग्रेसी करेंगे झूठे वादे, सावधान रहने की जरूरत: मनोहर लाल




रोहतक। चेतना ब्यूरो।

केंद्रीय ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को रोहतक में प्रबुद्ध समाज सम्मेलन में हिस्सा लिया। सम्मेलन में उद्योगपति, व्यापारी, डॉक्टर और एडवोकेट आदि सभी तरह के प्रबुद्ध और बुद्धिजीवी लोग मौजूद रहे। सम्मेलन में मनोहर लाल ने भाजपा और कांग्रेस के 10-10 साल के कार्यकाल का अंतर बहुत ही कम शब्दों में समझाया। मनोहर लाल ने कहा कि सभी प्रबुद्धजन यहां बैठे है और सभी को पता होगा कि 10 साल पहले जब कांग्रेस का कार्यकाल था तो व्यापार करने में कितनी परेशानी होती थी। भाजपा ने व्यपार को सरल कर दिया है। 10 साल पहले दबंगई होती थी, दुकानदार मंथली और हफ्ता देते थे, लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही हमने ये सब खत्म कर दिया। आज कोई दुकानदार मंथली या हफ्ता नहीं देता। सिर्फ जो सरकारी फीस होती है वहीं देते हैं। मनोहर लाल ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि ये भी चुनाव में ढेरों वादे करेंगे, लेकिन आप लोगों को समझना है कि इनके वादे धरातल पर लागू होंगे या नहीं। जहां भी कांग्रेस की सरकार बनी है और इन्होंने जितने भी वादे किए हैं,अब सबसे कांग्रेस पीछे हट रही हैं। झूठे वादे कर दिए, लेकिन सरकार के पास वादे पूरे करने के लिए पैसे ही नहीं हैं। इसलिए लोगों को इनकी झूठी बातों के झांसे में नहीं आना है। मनोहर लाल ने कहा कि हुड्डा गैंग से बचकर रहना नहीं तो 10 साल पहले की तरह सभी दुविधाएं फिर शुरू हो जाएंगी। वैसे भी कांग्रेस हार की ओर बढ़ रही है, प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने जा रही है। मनोहर लाल ने कहा कि इतिहास उठाकर देख लो 50 साल में केंद्र ...शेष पृष्ठ दो पर

## ब्राह्मण समाज के नेता जुझारू नेता उमेश शर्मा ने भाजपा से दिया इस्तीफा

गोहाना। चेतना संवाददाता।

ब्राह्मण समाज के जुझारू नेता व भारतीय जतना पार्टी के कमर्ठ नेता उमेश शर्मा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने गोहाना सहित प्रदेश में ब्राह्मण समाज को भाजपा से जोड़ने के लिए अनथक मेहनत की है। उन्होंने कहा कि मुझे हर स्तर पर पार्टी नेताओं ने गोहाना से टिकट देने का वायदा कर रखा था लेकिन अंतिम समय में मेरी टिकट को काट दिया गया।

बता दें कि 2019 लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में उमेश शर्मा शामिल हुए थे। वहीं पार्टी के निर्देशों के अनुसार ही कार्य कर रहे थे, परंतु जब से भाजपा की ओर से डॉ. अरविंद शर्मा को टिकट दिया गया है, तभी से उनका विरोध जारी है। जिसको लेकर उमेश शर्मा द्वारा कई बार अपनी बात भाजपा के बड़े नेताओं के समक्ष रखने का प्रयास किया, शायद कहीं सुनवाई होते हुए नजर नहीं आई।

## किरायेदार ने पत्नी-बेटी की हत्या कर छिपाये शव, 33 दिन बाद बाथरूम में मिले कंकाल

सफीदो। चेतना ब्यूरो।

जींद के सफीदों में वार्ड नंबर दो स्थित एक मकान में रहने आए किरायेदार ने अपनी पत्नी और बेटी की गला घोटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों के शव बाथरूम में छिपा दिए। इसके बाद वहां से फरार हो गया। 33 दिन बाद मकान में रहने आए दूसरे किरायेदार ने बाथरूम खुलवाया तो महिला और मासूम के



कंकाल बरामद हुए। सूचना पर पुलिस ने शवों को फॉरेंसिक जांच के बाद मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया है। सफीदों के वार्ड नंबर दो निवासी सुनील उर्फ मोनू ने बताया कि उसके चचेरे भाई दीपक का सरला कॉलेज के पास एक मकान है। मकान भाभी राधा रानी के नाम पर है। भाई खेतीबाड़ी करता है। वह मकान की खुद संभाल करता है। 10 अगस्त को रोहतक निवासी मनदीप अपनी करीब 28 वर्षीय पत्नी व 5 वर्षीय बेटी के साथ बाइक पर किराये का मकान ढूढ़ते हुए आया। मनदीप ने बताया कि वह टाइल पत्थर लगाने का काम करता है। उसे छह माह के लिए मकान की जरूरत है। इस पर उन्होंने मनदीप को ऊपर का फ्लोर किराये पर दे दिया। उस समय मकान का ग्राउंड फ्लोर भी खाली था।

सुनील ने बताया 13 अगस्त को मनदीप उससे 500 रुपये उधार लेने आया। कहा कि वह रोहतक से अपना आधार कार्ड व अन्य कागजात लेकर वापस आएगा। इस पर सुनील ने अपने चचेरे भाई सोनू से आरोपी के बैंक खाते में 500 रुपये ट्रांसफर करवा दिए। वहीं, शाम को जब मकान पर पहुंचा तो मुख्य गेट पर ताला लगा था। उसे लगा मनदीप अपनी और बेटी को साथ ले गया होगा।

**पड़ोसी बोले- तीन दिन तक झगड़े की आती रही आवाज**

21 अगस्त तक मनदीप नहीं लौटा। जब उसके मोबाइल पर फोन किया तो नंबर बंद मिला। वहीं, पड़ोसियों ने कहा कि तीन दिन तीनों मकान में रहे। कमरे से रोजाना झगड़े की आवाज आती थी। एक माह बीतने के बाद जब वह वापस नहीं आया, तो सुनील ने मकान का ग्राउंड फ्लोर नए किरायेदार कप्तान सैनी को दे दिया।

**नए किरायेदार को आई बदबू ता खुलवाया बाथरूम**

नए किरायेदार कप्तान ने 15 सितंबर को मकान में अपना सामान रखा तो उसे बदबू आने लगी। इस पर उन्होंने ऊपर ...शेष पृष्ठ दो पर

**हरियाणा बदलाव के लिए तैयार है हरियाणा, भाजपा पिछले 10 सालों में हर मोर्चे पर रही विफल**

## कांग्रेस एकमात्र पार्टी है जो हरियाणा के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है: पी.चिदंबरम



चंडीगढ़। चेतना ब्यूरो।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त एवं गृह मंत्री पी.चिदंबरम ने आज हरियाणा की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि पहले मनोहर लाल खट्टर और बाद में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और यही कारण है। आज हरियाणा की अर्थव्यवस्था देश में सबसे अधिक खराब स्थिति में है। आंकड़ों से लैस श्री चिदम्बरम ने हरियाणा की शोचनीय आर्थिक स्थिति का संपूर्ण लेखा जोखापेश किया। चिदंबरम यहां हरियाणा विधानसभा चुनाव के सिलसिले में मीडियाकर्मियों को संबोधित करने आये थे। श्री चिदम्बरम ने मुख्य रूप से कृषि, बेरोजगारी और राज्य की अर्थव्यवस्था के समग्र स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया। चिदंबरम ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में मीडिया से कहा, 'हरियाणा मूल रूप से एक कृषि प्रधान राज्य है क्योंकि हरियाणा की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी इस क्षेत्र से अपनी आजीविका कमाती है। इस सरकार के उदासीन रवैये के कारण किसानों को आंदोलन का सहारा लेना पड़ा और सड़कों पर आना पड़ा'। उन्होंने बताया कि हरियाणा के एक औसत परिवार पर वर्ष 2014 में लगभग 79000 रुपये का कर्ज था जो पांच साल बाद बढ़कर 1,82,922 रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि यह अब तक और भी आगे बढ़ चुका होगा क्योंकि ताजा स्थिति के बारे में कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान योजना और फसल बीमा योजना जैसी बहुप्रचारित केंद्रीय योजनाएं हरियाणा के किसानों की स्थिति में सुधार करने में विफल रही हैं। पीएम किसान योजना में उन 32 प्रतिशत किसानों को शामिल नहीं किया गया है जो किराए पर जमीन लेकर काश्त करते हैं। इसी तरह, फसल बीमा योजना भी पूरी तरह से विफल है रही है। श्री चिदम्बरम ने खुलासा किया कि कुल 22.5 लाख हेक्टेयर भूमि का साल 2020 में फसल बीमा हुआ था जो साल 2024 में घट कर केवल 15.5 हेक्टेयर रह गया।

श्री चिदम्बरम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय, खट्टर सरकार ने किसानों के खिलाफ दमन और हिंसा की नीति अपनाई। किसानों के खिलाफ 250 से अधिक एफआईआर दर्ज की गईं, इनमें से कुछ ऐसे अपराधों के लिए थीं जो उन्होंने कभी किए ही नहीं। उन्होंने कहा कि इससे पूरी तरह साबित हो गया है कि लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन करना भाजपा का चरित्र है और यह राज्य सरकार का यह रवैया केंद्र सरकार जैसा ही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी से किसानों को कभी न्याय नहीं मिलेगा और उसे दंडित करने का सबसे अच्छा तरीका उसे सत्ता से बाहर करना है।

बेरोजगारी एक और बड़ा मुद्दा था जिस पर श्री चिदंबरम ने हरियाणा भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा, हरियाणा में..शेष पृष्ठ दो पर

# हिंदी दिवस प्रतियोगिता में कशिश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**भिवानी। चेतना संवाददाता।**
एस.सी.ई.आर.टी के निर्देश पर हिंदी पखवाड़ा दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं करावाई गई। अपनाना चाहिए और सारे कामकाज हिंदी में ही करने चाहिए। हिंदी राष्ट्र को एक माला में पिरोने का काम करती है। हमें हिंदी को ज्यादा से ज्यादा



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पालवास की कक्षा आठवीं की छात्रा कशिश ने हिंदी के ऊपर बहुत ही सुंदर कविता सुनकर न केवल क्लस्टर बल्कि ब्लॉक और जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य राजकुमार शर्मा द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है जिसे हर बच्चे को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर विज्ञान अध्यापक संदीप वधवा ने कशिश के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के समस्त स्टाफ सुरेंद्र तंवर ,संजय मुद्गगिल, संदीप वधवा ,किशन कुमार ,बंसीलाल ,मनजीत, रमेश कुमार अध्यापिकाएं अरुणा, प्रेमलता, रेखा ,संजीता, सुनीता आदि ने कशिश को आशीर्वाद दिया।

# भिवानी से जुड़े नौ नामी बिजनेस आइकंस को बीपीएमएस ने नवरत्न अवार्ड दे किया सम्मानित

**चेतना संवाददाता।**
**नई दिल्ली। राजेन्द्र भारद्वाज।**
देश दुनिया में भिवानी का परचम फहराने वाले विभिन्न क्षेत्रों में कामयाबी की कीर्ति पताका बुलंद करने वाले नौ दिग्गजों को भिवानी परिवार मैत्री संघ ने रोहिणी में आयोजित एक समारोह में नवरत्न अवार्ड-2024 से सम्मानित किया। युवा पीढ़ी को इन सभी का संयुक्त रूप से संदेश था कि वे रातों रात किसी चमत्कार की उम्मीद न रखें। सफलता तो प्रयासों की निरंतरता, एकाग्रता और लगातार कड़ी मेहनत से ही मिलती है।



संघ के अध्यक्ष राजेश चेतन ने बताया कि अपनी प्रतिभा, अनवरत संघर्ष, जीत की जिद और न थकने वाले डीएनए की बदौलत ये सभी %नवरत्न% आज देश दुनिया में भिवानी का परचम लहरा रहे हैं।

सम्मानित होने वाले आइकंस में राजेश गुप्ता (सीएमडी, भारत रसायन फाइनेंस लिमिटेड), सत्य एस गुप्ता (डायरेक्टर गैलेक्सी इंडिया), बृज लाल सर्राफ (डायरेक्टर प्यारेलाल जगन्नाथ सराफ),नरेश मित्तल (सीएमडी, सिग्नेचर ग्लोबल कोमट्रेड प्राइवेट लिमिटेड), सुरेश गुप्ता (सीएमडी, गोल्डन ग्रुप आफ कंपनीज), राजकुमार गर्ग (डायरेक्टर, मोविश रियल्टेक प्राइवेट लिमिटेड), बजरंग लाल अग्रवाल (एमडी, स्टोनेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड), डा प्रेम गर्ग,(चेयरमैन, श्रीलालमहल ग्रुप नेशनल प्रेसीडेंट, इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) और डा. आशीष गुप्ता (डायरेक्टर, यूनीक हास्पिटल कैंसर सेंटर) शामिल रहे। मंच संचालन राजेश चेतन, सुनीता जैन, प्रमोद शर्मा ने किया।

कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। पूजा बंसल को साथियों के साथ देवताओं की पुरानी मूर्तियों को एकत्र करके सम्मान पूर्वक सहजने के लिए सम्मानित किया गया। राजेश चेतन व डॉक्टर रमेश गुप्ता ने कहा कि आज हम अपनी जड़ों से कट रहे हैं जबकि घर में बड़ों से मिलने वाला ज्ञान हमें किसी भी विश्वविद्यालय में नहीं मिल सकता। इसलिए जिस घर में दादा और पोते की जोड़ी साथ में काम करती है उसे घर में किसी चीज की कमी नहीं रह सकती।

इस अवसर पर संघ के महासचिव दिनेश गुप्ता ,कोषाध्यक्ष पवन मोडा, हंसराज रल्हन, विनय सिंघल, मनीष गोयल ,प्रमोद कुमार शर्मा ,मीनाक्षी गर्ग ,संजय गुप्ता, दीपक गुप्ता, संजय जैन ,राजकुमार अग्रवाल ,सुशील गनोत्रा आदि भी मौजूद रहे।

# आचार्य भिक्षु ने अपने मौलिक चिंतन के आधार पर नये मूल्यों की स्थापना की: मनीषी आलोक

**चंडीगढ़। चेतना ब्यूरो।**
आचार्य भिक्षु ने अपने मौलिक चिंतन के आधार पर नये मूल्यों की स्थापना की। हिंसा व दान-दया संबंधी उनकी व्याख्या सर्वथा वैज्ञानिक कही जा सकती है। आचार्य भिक्षु की अहिंसा सार्वभौमिक क्षमता पर आधारित थी। बडों के लिए छोटो की हिंसा और पंचेन्द्रिय जीवों की सुरक्षा के लिए एकेन्द्रिय प्राणीयों का हनन आचार्य भिक्षु की दृष्टि में आगम समस्त नहीं था। अध्यात्म व व्यवहार की भूमिका भी उनकी भिन्न थी। उन्होंने कभी ओर किसी भी प्रसंग पर दोंनो को एक तुला से तोलने का प्रयत्न नहीं किया। उनके अभिमत से व्यवहार व अध्यात्म को सर्वत्र एक कर देना घी ओर तम्बाकू के सम्मिश्रण जैसा अनुपादय है। ये शब्द मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमारजीआलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन में 2022वां आचार्य भिक्षु चरम कल्याणक उत्सव को संबोधित करते हुए कहे।



मनीषीसंत ने आगे कहा आचार्य भिक्षु ने कहा था कि अनुशासन के पक्ष में सर्तकता का होना जरूरी है ऐसी सर्तकता, जो कठोरता और कोमलता दोनों से परे हो। कठोरता के पीछे कष्ट देने की नीति होती है। जबकि स्वंतत्रता के पीछे केवल व्यवस्था को बनाए रखने की नीति क्रियाशीलता होती है। विशिष्ट महापुरूषों को समय समय पर विशिष्ट ज्ञान की प्राप्ति होती है, भगवान महावीर को केवल ज्ञान की, बुद्ध को बोधि प्राप्त हुई उसी श्रृंखला में आचार्य भिक्षु के अंतर नेनों का खुलना नई चेतना का उदर्वारोहण सोई सुस्त चेतना का जागरण ही बोधि है। परस्पर दलबंदी आचार्य भिक्षु ने धर्म संघ मे एक कानून बनाया कि मैं दलबंदी नही करूंगा यह कानून केवल तेरांपथ के लिए ही नही बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लिए है। आजकल परंतु दल-बदल विरोधी कानून की वज़ह से पार्टी लाइन से अलग किंतु महत्त्वपूर्ण विचारों को नहीं सुना जाता है।

# योग्यता पर दी नौकरी, खर्ची-पर्ची पर लगाया विराम: मनोहर लाल

## सर्राफ के समर्थन में पंजाबी नेता विनोद ने लिया नामाकंन वापस

**भिवानी। चेतना संवाददाता।**
केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश् में युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार दिया। जो युवक योग्य हुआ,उसी को नौकरी मिली है। खर्ची व पर्ची पर पूरी तरह से विराम लगा दिया। भाजपा सरकार में ऐसे युवाओं को रोजगार मिला है,जिन्होंने सपने में भी नहीं सोंचा होगा। वे आज पंजाबी समुदाय द्वारा टिबड़ेवाल सभागार में भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान विधायक घनश्याम सर्राफ के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रह थे। इस दौरान पंजाबी समुदाय द्वारा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व प्रत्याशी घनश्याम सर्राफ को सम्मान की पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान पंजाबी समाज के नेता विनोद चावला ने घनश्याम सर्राफ के समर्थन में अपना नामाकंन पर्चा वापस ले लिया। उन्होंने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर भिवानी विधानसभा से नामाकंन किया हुआ था। इस मौके पर पंजाबी समाज के अनेक लोगों ने केंद्रीय मंत्री व प्रत्याशी घनश्याम सर्राफ को सम्मानित किया। इस मौके पर धर्मवीर सिंह सांसद,जिला अध्यक्ष मुकेश गौड, अविनाश सरदाना, सोहन लाल मक्कड़, कृष्ण लाल पाहवा,विनोद चावला, बिशंबर अरोड़ा, पार्षद मनीष गुरेजा, आशु कामरा,के के ग्रोवर ,अर्जुन मिड्ढा, एडवोकेट जोगेंद्र तंवर,विकास कठपालिया, बंशीधर मखीजा, मीना परमार,वीरेंद्र कौशिक,संदीप श्योराण आदि मौजूद थे।



# आध्यात्मिक प्रश्नोत्तरी में युवाओं की भुमिका: बीके सुमित्रा

**चेतना संवाददाता।**
**भिवानी।**
प्रजापिता ब्रह्माकुमारिज की शाखा सिद्धि धाम में आध्यात्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा का आयोजन शाखा प्रमुख राजयोगिनी बीके सुमित्रा के सानिध्य में किया गया। बीके सुमित्रा बहन ने बोलते हुए कहा कि आज की आधुनिक चकाचौंध में युवा वर्ग पाश्चात्य सभ्यता की गिरफत में जकड़ता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है जीवन को सरल और शुलभ बनाने के लिए आध्यात्मिकता को अपनाना और भी जरूरी हो जाता है।

# ऑब्जर्वर ने किया एमसीएमसी मॉनिटरिंग सैल का औचक निरीक्षण

## विज्ञापन व संभावित पेड न्यूज की निगरानी को लेकर दिए जरूरी निर्देश

चरखी दादरी। चेतना ब्यूरो।
खर्चा पर्यवेक्षक शलेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में स्थापित एमसीएमसी कमेटी मॉनिटरिंग सैल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि समाचार पत्रों व विभिन्न न्यूज चैनलों पर विज्ञापनों व पेड न्यूज की बारीकी से निगरानी की जाए और भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप निर्धारित समयावधि में रिपोर्ट भिजवाएं।

निरीक्षण के दौरान ऑब्जर्वर ने जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संदीप हुड्डा से एमसीएमसी कमेटी द्वारा की जा रही निगरानी के बारे में जानकारी ली। ऑब्जर्वर ने निर्देश दिए कि लोकल केबल पर आने वाली प्रत्याशियों के विज्ञापनों पर नजर रखी जाए। इसके साथ ही अन्य न्यूज चैनलों पर जिला के विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों द्वारा दिए जाने वाले विज्ञापनों की सख्त निगरानी हो। उन्होंने निर्देश दिए कि न्यूज चैनलों के अलावा समाचार पत्रों में संभावित पेड न्यूज पर विशेष निगरानी रखी जाए।

भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार ऐसी खबर जो किसी प्रत्याशी की तारीफ या एक तरफा माहौल बनाना दर्शाता हो तो इसकी जानकारी रिपोर्ट सहित संबंधित आरओ को निर्धारित समयावधि में दें। ताकि संबंधित प्रत्याशी के चुनावी खर्च में पेड न्यूज के खर्च को जोड़ा जा सके।

इस दौरान जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी ने ऑब्जर्वर को बताया कि जिला में संचालित किए जा रहे लोकल केबल चैनल की विशेषतौर पर निगरानी की जा रही है। इसके अलावा अन्य न्यूज चैनलों पर भी विज्ञापनों की निगरानी की जा रही है। प्रतिदिन सुबह सभी समाचार पत्रों की गहनता से जांच की जाती है। जिला में संचालित सामुदायिक रेडियो पर भी निगरानी है।

# भाजपा व जजपा ने प्रदेश को मिलकर लुटने का काम किया: कौशल्या फरटिया

**बहल। चेतना संवाददाता।**
आज लोहारू से कांग्रेस प्रत्याशी राजबीर फरटिया के भाई नरेन्द्र फरटिया की धर्मपत्नी कौशल्या फरटिया ने लोहारू हल्का के गांव बहल में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया उनके साथ योगेश फरटिया भी डोर टू डोर में शामिल थे। कौशल्या फरटिया ने कांग्रेस पार्टी के प्रत्याक्षी राजबीर फरटिया के पक्ष में वोट डालने की अपील की और कांग्रेस पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों से लोगों को अवगत कराया। वहीं बहल योगेश शर्मा के आवास पर आयोजित सामूहिक चाय पानी कार्यक्रम में शिरकत की वहा पहुंचने पर लोगों ने कौशल्या फरटिया व योगेश फरटिया का फुल मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। वहीं कौशल्या फरटिया ने ग्रामीणो द्वारा मिले मान सम्मान के लिए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। वहीं कौशल्या फरटिया ने कहा चौ भुपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गों को देश में सबसे ज्यादा 6000 रुपये बुढ़ापा पेंशन, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम, गरीब परिवारों को 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट व 3.5 लाख रुपये की लागत से 2 कमरे के मकान, किसान को एमएसपी गारंटी और रसोई गैस 500 रूपये करने का कार्य कांग्रेस सरकार करेगी । हर गांव शहर को पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार के समय वाले विकास से जोड़ेंगे।

# बीपीएमएस जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी के लिए नरसी के भात अभियान की करेगा शुरुआत

**चेतना संवाददाता।**
**भिवानी।**
समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी अग्रणीय भूमिका अदा करने वाली सामाजिक संस्था भिवानी परिवार मैत्री संघ ने समाजसेवा के क्षेत्र में अब कदम और आगे बढ़ाते हुए नरसी के भांत की परंपरा की शुरूआत की है। जिसके तहत जरूरतमंद परिवार की बेटियों को 51 हजार रूपये की सहायता भात के रूप में दी जाएगी। इस बारे में जानकारी देते हुए भिवानी परिवार मैत्री संघ के अध्यक्ष राजेश चेतन ने बताया कि सनातन संस्कृति में नरसी के भात की अलग एवं प्रेरणादायी कहानी है, जिसे जरूरतमंद की सेवा के तौर पर भी जाना जाता है। सनातन संस्कृति की इसी परंपरा के अनुरूप चलते हुए भिवानी परिवार मैत्री संघ ने नरसी के भात की परंपरा की शुरूआत की है। जिसके तहत जरूरतमंद परिवार की बेटियों की शादी में 51 हजार रूपये का भात भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह राशि बिना किसी दिखावे के चुपचाप तरीके से जरूरतमंद परिवार तक पहुंचाई जाएगी, ताकि मानव सेवा के सही अर्थ को सार्थक किया जा सकें। राजेश चेतन ने बताया कि नरसी के भात अभियान को गति देने के लिए जल्द ही कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि भिवानी परिवार मैत्री संघ समाजसेवा के उद्देश्य से हर माह के तीसरे बुधवार को स्थानीय दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी आश्रम में निःशुल्क नेत्र जांच व ऑप्रेशन शिविर का आयोजन करता है। इसी कड़ी में सितंबर माह का यह शिविर 18 सितंबर को आयोजित किया जाएगा।


## सार्वजनिक सूचना

मैं देशराज वशिष्ठ पुत्र अमीर सिंह वशिष्ठ निवासी टोड़ी नगर, तहसील बाढ़डा, ज़िला चरखी दादरी अपने हल्फ़ से ब्यान करता हूँ की मेरे पासपोर्ट (यू-1959259) में मेरा नाम देशराज दर्ज है जो कि ग़लत है। मेरा सही नाम आधार, पैन कार्ड आदि के अनुसार देशराज वशिष्ठ है।मेरे पिताजी का नाम भी गलती से अमीर सिंह दर्ज है, जबकि उनका सही नाम अमीर सिंह वशिष्ठ है।वहीं मेरी पत्नी का नाम भी गलती से संतोष दर्ज है, जबकि उनका सही नाम संतोष वशिष्ठ है।

**COURT NOTICE**
**IN THE COURT OF CHAVI GOEL ADDL. CIVIL JUDGE (SENIOR DIVISION) HODAL**
For details logon to http://ecourts.gov.in
Publication Notice Under Order 5 Rule 20 CPC
(Succession Case)
CNR No. HRPLA0-000376-2024
**Date of Hearing : 18.10.2024**
Pooja **...Plaintiff**
**Versus**
General Public **.....Defendant**
**Notice to :** General Public
Whereas the petitioner Pooja has filed the above petition before this court for the grant of Succession Certificate regarding the assets left by the deceased Jasvir s/o Dhan Singh r/o village Deeghot, Tehsil Hodal, Palwal who died on 14.01.2024
Notice is issued in the name of respondent(s) that in case anybody has any objection for the grant of Succession Certificate, he/she can file obejction to the same on or before **18.10.2024 at 9.30 A.M.** failing which the petition shall be deceided in accordance with law.
For details logon to https://www.highcourtchd.gov.in/?trs= district_notice&district =palwal
Given under my hand and the seal of this court.
**Sd./-**
**ACJ (SD)**
**Hodal**
**845 (113/26.7.24)**

**COURT NOTICE**
**IN THE COURT OF NIDHI CIVIL JUDGE (JUNIOR DIVISION) FARIDABAD**
For details logon to http://ecourts.gov.in
Publication Notice Under Order 5 Rule 20 CPC
CNR No. HRFB02-002581-2022
**Date of Hearing : 18.10.2024**
Canara Bank **...Plaintiff**
**Versus**
M/s Krishna Profile, through its Proprietor **.....Defendant**
**Notice to :** 1. M/s Krishna Profile, through its Proprietor Amit Kumar s/o Sh. Shankar Shah, r/o Plot No. 1, Shed No. 4, near Panchmukhi Hanuman Mandir, Arti Nursing Home, Dabua Pali Road, NIT Faridabad, 2. Sh. Amit Kumar s/o Sh. Shankar Shah, Proprietor of M/s Krishna Profile, H.No. 1091, Gajipur Road, Near B.V.M. School, Dabua Colony, Pali 13, Faridabad
In the above case the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on **18.10.2024 at 10.00 A.M.**
For details logon to https://www.highcourtchd.gov.in/?trs= district_notice&district =faridabad
Given under my hand and the seal of this court. **Sd./-**
**CJ (JD)**
**Faridabad**
**707 (725/20.7.24)**

**COURT NOTICE**
**IN THE COURT OF SH. PRATEEK JAIN CIVIL JUDGE (SENIOR DIVISION) PALWAL**
For details logon to http://ecourts.gov.in
Publication Notice Under Order 5 Rule 20 CPC
CNR No. HRPL02-001239-2024
**Date of Hearing : 18.10.2024**
Manju w/o late Parambir s/o Shyam Singh s/o Lohre, r/o House No. 234, Near Chaupal Gailpur, Tehsil and Distt. Palwal 121102 **...Plaintiff**
**Versus**
General Public **.....Defendant**
**Notice to :** General Public
In the above case the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on **18.10.2024 at 10.00 A.M.**
For details logon to https://www.highcourtchd.gov.in/?trs= district_notice&district =palwal
Given under my hand and the seal of this court. **Sd./-**
**CJ (SD)**
**Palwal**
**770 (431/7.8.24)**

**COURT NOTICE**
**IN THE COURT OF SH. SOHAN LAL MALIK ADDL. CIVIL JUDGE (SENIOR DIVISION) BHIWANI**
For details logon to http://ecourts.gov.in
Publication Notice Under Order 5 Rule 20 CPC
CNR No. HRBH02-000023-2022
**Date of Hearing : 18.10.2024**
Ravinder **...Plaintiff**
**Versus**
Ram Avtar **.....Defendant**
**Notice to :** Ram Avtar, Father: Dwarkadass, village Babarwas, Distt. Bhiwani Biswedar of Mauja Jhundawas, Distt. Bhiwani
In the above case the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on **18.10.2024 at 10.00 A.M.**
For details logon to https://www.highcourtchd.gov.in/?trs= district_notice&district =bhiwani
Given under my hand and the seal of this court. **Sd./-**
**ACJ (SD)**
**Bhiwani**
**943 (125/9.9.24)**


# प्रथम पृष्ठ का शेष...

## बड़ा बस हादसा, यात्रियों से भरी दो बसों की भिडंत, 50 लोग घायल

की जानकारी ली। **चश्मदीद बोला जल्दी जाने के लिए बस में हुआ सवार** बहादुरगढ़ हाईवे पर खुरमपुर के पास हुए हादसे में घायल चश्मदीद मुकेश चौहान ने बताया कि वह दिल्ली के रहने वाले हैं। रिश्तेदारी में सोनीपत आए थे। बस स्टैंड पर काफी देर तक खड़े रहे, लेकिन जब बस नहीं आई तो वह बहादुरगढ़ की बस में सवार हो गए, ताकि वहां से दिल्ली जा सके। उन्हें क्या पता था कि बीच रास्ते में वह हादसे का शिकार हो जाएंगे। वह खुद घायल हुए और दोनों बेटी राशि चौहान व सृष्टि चौहान भी घायल हो गई। **एसडीएम ने अस्पताल में पहुंचकर ली जानकारी** हादसे की सूचना मिलने पर एसडीएम श्वेता सुहाग खरखौदा अस्पताल में पहुंची। जहां पर उन्होंने चिकित्सकों से हादसे में घायल मरीजों की हालत को लेकर जानकारी ली। सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा हादसे की जांच करवाई जाएगी और जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई होगी।

## बेटे भव्य का प्रचार करने पहुँचे कुलदीप बिश्नोई, ग्रामीणों ने किया विरोध,...

गए थे जब वे गांव में पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनसे बहस करनी शुरू कर दी और इस दौरान उनके सवालों का जवाब दिया जा रहा था, लेकिन भीड़ में कुछ लोग नशे में थे और वह हमारी बात को न सुनते हुए बहस करने लगे। इस स्थिति को और बिगड़ने से बचाने के लिए कुलदीप बिश्नोई और भव्य बिश्नोई गांव से चले गए। कहा जा रहा है कि इसके बाद कुलदीप ने अपनी टीम को गांव वालों से बात करने के लिए वहां भेज दिया है। **डीसी ने दी विशेष निगरानी की सलाह** इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डीसी प्रदीप दहिया ने एसपी दीपक सहारण से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है और उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आदमपुर में विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि यहां पर ऐसी स्थिति दोबारा पैदा न हो सके।

## कांग्रेसी करेंगे झूठे वादे, सावधान रहने की जरूरत: मनोहर लाल

में जिस पार्टी की सरकार है उसी पार्टी की सरकार हरियाणा में भी रही है। हरियाणा की जनता समझदार है और इस बार भी भाजपा को जिताकर सेवा का मौका देगी। प्रबुद्ध समाज सम्मेलन के संयोजक उद्योगपति राजेंद्र बंसल रहे। सम्मेलन में मनीष ग्रोवर पूर्व विधायक, सरिता नारायण पूर्व विधायक, राजेंद्र बंसल संयोजक, प्रकाश आहूजा सदस्य उद्योगपति, दीपक जिंदल सदस्य, धीरज चावला सदस्य प्रधान बिल्डर्स एसोसिएशन, मनमोहन गोयल पूर्व मेयर, राजकुमार सहगल पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर, शमशेर खरक प्रदेश मीडिया सहप्रभारी, प्रो. मदनलाल, अशोक खुराना, राज शर्मा, प्रकाश अहूजा, चंद्र गर्ग सहित जैन सभा , वैश्य एजूकेशन सोसायटी से जुड़े लोग और अन्य कई संस्थाओं के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## किरायेदार ने पत्नी-बेटी की हत्या कर छिपाये शव, 33 दिन बाद बाथरूम में मिले...

के बाथरूम की सफाई करवाने के लिए कहा। जब बाथरूम का दरवाजा खोला गया तो कपड़ों के नीचे एक महिला और बच्चे का कंकाल मिला। **कंकाल में गले में मिली चुन्नी** बाथरूम में जो कंकाल मिला है, उसके गले में चुन्नी लिप्टी मिली है। फॉरेंसिक टीम ने अंदेशा जताया है कि महिला की चुन्नी से गला घोटकर हत्या की गई है। दोनों कंकाल पर कंबल लिपटा मिला है। बाथरूम में कंकाल की सूचना मिली थी। कंकाल को खानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। फिलहाल शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। -ईश्वर सिंह, शहर थाना प्रभारी सफीदों।

## कांग्रेस एकमात्र पार्टी है जो हरियाणा के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकती...

बेरोजगारी के आंकड़े देश में सबसे खराब हैं। सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार हरियाणा की बेरोजगारी दर 37.4 प्रतिशत है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की अपनी श्रम सर्वेक्षण रिपोर्ट में भी हरियाणा में बेरोजगारी का आंकड़ा 9 प्रतिशत बताया गया है, जबकि राष्ट्रीय औसत 4.1 प्रतिशत है। इससे साबित होता है कि हरियाणा में बेरोजगारी राष्ट्रीय औसत से दोगुनी से भी ज्यादा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हरियाणा में 4.5 लाख नियमित सरकारी पद हैं, जिनमें से 1.8 लाख खाली हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा के सरकारी कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 7896 पद हैं और इनमें से 4618 पद खाली हैं. सरकार द्वारा विज्ञापित सफाई कर्मचारियों के पदों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि महज 15000 रुपये के निश्चित वेतन वाले इन कॉन्ट्रैक्ट पदों के लिए 3.5 लाख से अधिक लोगों ने आवेदन किया था और इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह थी कि इनमें से 6112 आवेदक पोस्ट ग्रेजुएट थे और 3990 ग्रेजुएट थे.

**आवश्यक सूचना:** दैनिक चेतना भिवानी का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासिफाईड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनकों सत्यापित नहीं करता हैं। पाठकों से विनती है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

**सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी श्रीभगवान वशिष्ठ द्वारा चेतना प्रिंटिंग प्रेस, भिवानी से मुद्रित तथा चेतना सदन, लोहारू रोड, भिवानी से प्रकाशित। पंजीयन संख्या 38238/82।** (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भिवानी होगा)


# बीजेपी सरकार सभी क्षेत्रों का समान विकास करवाकर हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किया है: मनोहर लाल

## आपके द्वारा लोहारू हलके के विकास के लिए हजारों करोड़ की दी गई ग्रांट जनता सदैव याद रखेगी: जेपी दलाल

**चेतना संवाददाता।**

**बहल।**

केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में बिना भेदभाव के सभी क्षेत्रों का समान विकास करवाकर हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम चौधरी बंसीलाल द्वारा बनाई गई लोहारू क्षेत्र की सभी नेहरो में टेल तक पूरा पानी पहुंचाया है। जिससे इस क्षेत्र के किसानों का जीवन खुशहाल हुआ है। सरकार गरीब, किसान, व्यापारी, कर्मचारी, महिलाएं ,अनुसूचित जाति ,पिछड़ी जाति तथा युवाओं के हित में अनेक योजनाएं बनाकर उन्हें लाभ पहुंचाया है और सशक्त बनाया है। इसलिए लोहारू सहित पूरे प्रदेश के मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह है। निश्चितरूप से हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक मोहल्ले और घर से एक-एक वोट से संपर्क करना है। जोश के साथ होश भी होना चाहिए। प्रत्येक कार्यकर्ता एक-एक वोटर के पास जाकर सरकार की नीतियों का प्रचार करें। प्रत्येक वोटर को सरकार की नीतियों से अवगत करवाना है। कार्यक्रम में प्रदेश के सहप्रभारी एवं सांसद सुरेंद्रनागर भी उपस्थित रहे। पूर्व वित मंत्री एवं लोहारू से भाजपा प्रत्याशी जेपी दलाल ने स्वागत किया।



केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल सोमवार को भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे कर रहे थे ।उन्होंने कहा कि लोहारू मेरी कर्मभूमि है। लोहारू सहित इस क्षेत्र में मैंने संघ का प्रचार कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 10 साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार व भाई भतीजावाद का रहा बोलबाला जबकि बीजेपी के कार्यकाल में बिन खर्ची पर्ची के योग्यता से मिली नौकरी व हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में भ्रष्टाचार का बोलबाला था ।हर कार्य रिश्वत देकर किया जाता था। डी ग्रुप से लेकर की एचसीएस तक की नौकरी के रेट तय थे।परंतु भाजपा सरकार ने बिना खर्ची पर्ची योगिता के आधार पर नौकरी देकर के गरीब से गरीब व्यक्ति के योग्य युवा को अधिकारी लगाकर उन्हें खुशहाल किया है ।इसके अलावा भाजपा शासन काल में पारदर्शिता से हर कार्य किया गया है। गरीब व्यक्तियों को घर बैठे उनका हक मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 2004 से 2014 तक के 10 वर्ष के कार्यकाल तथा भाजपा के 2014 से 24 तक के 10 साल के कार्यकाल की तुलना की जाए तो दिन रात का अंतर है भाजपा कल में हर कार्य योग्यता और पारदर्शिता से किया गया है बिना भेदभाव के विकास करवाया गया है कांग्रेस के कार्यकाल में गरीब व्यक्ति को भूमि और गणेश करके नौकरी मिलती थी जबकि भाजपा शासन काल में योग्यता के आधार पर गरीब से गरीब व्यक्ति का बच्चा अधिकारी लगा है। इसके अलावा किस के खाते में सीधा पैसा डाला गया है। मुआवजा व बीमा दिया गया है। सरकार ने आयुष्मान कार्ड, हैप्पी कार्ड, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना आदि से से हर वर्ग को लाभान्वित किया है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर जाकर की प्रत्येक वोटर को सरकार द्वारा किए गए कार्यों को बताना है और एक-एक वोटर से कमल के निशान पर मोहर लगाने के अपील करनी है।

पूर्व वितमंत्री एवं लोहारू से भाजपा प्रत्याशी जेपी दलाल ने पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मनोहर लाल का लोहारू पर विशेष स्नेह रहा है। हजारों करोड़ की ग्रांट विकास कार्यों के लिए दी। मैं। एमएलए नहीं होते हुए भी लोहारू विधानसभा क्षेत्र में 6 बार आकर की विकास कार्यों को गति दी। और मेरे मंत्री काल में भी कई बार लोहारू हल्के में आकर के हजारों करोड रुपए की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। सभी नेहरो में टेल तक पानी पहुंचाने में अहम योगदान दिया। यह कार्य सदैव लोहारू की जनता याद रखेगी और आपकी प्रति वफादार रहेगी। इस दौरान अनेक पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रदेश की जनता ने सबको मौका दे दिया, अब 'आप' को भी मौका दें : संदीप पाठक

**जींद। चेतना संवाददाता।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी प्रभारियों के साथ बैठक की। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज सभी प्रभारियों के साथ मीटिंग हुई और कैंपेन को लेकर चर्चा हुई। प्रभारियों को एजेंडा दिया गया है कि किस प्रकार कैंपेन करना है और अगले 15 दिन के कैंपेन को लेकर चर्चा की है। सभी अपने अपने विधानसभा में मिलकर एक एक गांव में जाकर कैंपेन करेंगे और पूरी ताकत से जनता को बताएंगे कि हरियाणा की जनता ने सभी पार्टियों बारी बारी मौका दिया है। इसलिए एक मौका अरविंद केजरीवाल को दें, यदि वो जनता के लिए काम करेंगे तो अगली बार वोट देना नहीं तो मत देना।

उन्होंने कहा अगले एक दो दिन में तय हो जाएगा कि दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। बड़ा प्रश्न ये है कि अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा क्यों दिया ? जो अरविंद केजरीवाल अपनी ईमानदारी के लिए जाना जाता है। उन्होंने सारा जीवन ईमानदारी से जिया है, नौकरी छोड़ दी और एक बारी सरकार को छोड़ दिया। ऐसे ईमानदार अरविंद केजरीवाल पर एक लांछन लगा है कि इन्होंने घोटाला करके बेईमानी की है।



उन्होंने कहा देश का कोई भी ईमानदार आदमी ये बर्दाश्त कैसे करेगा कि उस पर लांछन लगा है। अरविंद केजरीवाल को सत्ता का मोह नहीं है, उनको अपनी इज्जत सबसे ज्यादा ज्यादा प्यारी है। उन्होंने ये तय किया है कि वो अग्नि परीक्षा से गुजरेंगे। अग्नि परीक्षा के रूप में वो जनता के बीच जाएंगे और जनता तय करेगी कि अरविंद केजरीवाल बेईमान हैं या ईमानदार हैं। यदि जनता को लगता है कि वो ईमानदार है तो उनको वोट दे देंगे और जनता को लगता है कि बेईमान है तो वोट नहीं देंगे। अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री का पद तभी लेंगे जब उन्हें जनता कहेगी।

उन्होंने कहा ये सोचने वाली बात है कि जिस आम आदमी पार्टी ने इतने बहुमत से सरकार बनाई, ऐसी क्या हुआ कि ये परिस्थित आई और अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देना पड़ गया। यदि जनता को लगेगा कि बदलाव चाहिए तो वो हमें जरूर जीताएंगे और हरियाणा में आम आदमी पार्टी की कितनी सीटें आएंगी वो जनता तय करेगी। आम आदमी पार्टी हरियाणा के हर व्यक्ति की आवाज है। दूसरी राजनीति पार्टियां अपने आपको बड़ी पार्टियां कहती हैं और कहते हैं कि हम जीत रहे हैं। इनके इतनी बार जीतने के बावजूद हरियाणा में इतनी बेरोजगारी क्यों है? जब पहलवान बेटियों को सड़कों पर घसीटा गया और किसानों पर गोलियां चलाई गई ये तब कहां थे। इन्होंने क्या किया, फिर ये किस बात के बड़े हैं।

## कैथल को फिर से सजाएंगे व संवारेंगे

# बनाएंगे ऐसी सरकार जिसमें सबकी चलेगी: आदित्य सुरजेवाला

**चेतना संवाददाता।**
**कैथल।**

कांग्रेस के प्रत्याशी आदित्य सुरजेवाला के तूफ़ानी दौरे से विपक्षी पार्टियों की नींद उड़ चुकी है। लगातार गांव व शहर में आदित्य सुरजेवाला की जनसभाओं में उमड़ रहा जनसैलाब, युवाओं द्वारा ट्रेक्टर व सैंकड़ो मोटरसाईकिलों से किया जा रहा स्वागत ने कैथल में बदलाव की बयार उत्पन्न कर दी है।

आदित्य सुरजेवाला ने क्योडक गांव में हजारों साथियों के साथ हवन यज्ञ करके कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम आदित्य सुरजेवाला ने बाबा राजपुरी समाधि स्थल पर माथा टेका। वहां से क्योडक ऑफिस तक सैंकड़ो मोटरसाईकीलों व ट्रेक्टरों सहित युवा साथी आदित्य सुरजेवाला को गगनभेदी नारों कैथल का उजाला, आदित्य सुरजेवाला की उद्घोष के साथ लेकर आए।



तत्पश्चात आदित्य सुरजेवाला ने गांव गुहना, सजुमा,दीवाल, कुतुबपुर, भानपुरा, फ्रांसवाला, खुराना रोड़, वार्ड 2, सुभाष नगर, जींद रोड़, ओम शांति नगर व नई अनाज मंडी बाल्मीकि बस्ती में जनसभाएं कर अपने पक्ष में लोगों से वोट की अपील की।

आदित्य सुरजेवाला ने लीला राम पर कटाक्ष व सवाल करते हुए कहा कि लीला राम को वोट माँगने का कोई हक़ नहीं है। क्योंकि 5 साल जनता को बहकाना, पहले झूठ बोलकर वोट लेना फिर मेरी चलती नहीं कहके पल्ला झाड़ लेना। सिर्फ जातियों को बांटने की राजनीति करना, कैथल में कोई भी विकास कार्य नहीं करवाना इसका जीता जागता सबूत है।

उन्होंने कहा कि मेरा कैथल के साथ पारिवारिक तीन पीढ़ियों का रिश्ता है। मेरे दादा शमशेर सुरजेवाला व पिता रणदीप सुरजेवाला ने कैथल को जो विकास के नाम पर हिंदुस्तान में पहचान दी थी, आज भाजपा ने 10 साल में उसको तहस नहस कर दिया है। मैं वायदा करता हूँ कि आपके आशीर्वाद व सहयोग के साथ एक बार फिर से कैथल को चमकाएंगे, विकास के नए आधारा पेश करेंगे, युवाओं के लिए रोजगार सुनश्चित करेंगे। एक ऐसी सरकार बनाएंगे जिसमें हर एक व्यक्ति की चलेगी और प्रशासन को पहली आवाज में आपकी बात सुननी भी पड़ेगी और सुनाई भी देगी।

# सत्ता परिवर्तन की करें अगुवाई: रणसिंह मान

**चेतना संवाददाता।**
**बाढड़ा।**

टिकट आबंटन के बाद राजनैतिक उठापटक के बीच पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान और किसान नेता राजू मान के बाढड़ा से कांग्रेस उम्मीदवार सोमवीर सिंह के पक्ष में खुलकर आने से सियासी समीकरण तेजी से पलटते नजर आये। बाढड़ा की जांगड़ा धर्मशाला में बड़ी संख्या में उमड़े कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व सीपीएस रणसिंह मान ने कहा कि 47 साल में अपने राजनैतिक सफर में उन्होंने आप जैसी नि:स्वार्थ और निर्भीक टीम नहीं देखी जो इतने लंबे अरसे से विपरीत हालातों में भी कभी नहीं डगमगाई। उन्होंने कहा कि अपने ऐसे कर्मठ सहयोगियों की बदौलत ही उन्हें कभी मुड़कर नहीं देखना पड़ा। उन्होंने कहा वर्तमान में भी पार्टी सर्वे में साथियों की अटूट मेहनत के कारण वे हर सर्वे में अव्वल रहे। रणसिंह मान ने शेरो ओ



शायरी सुनाते हुए कहा कि ' गिरते हैं मैदान ए जंग में स सवार ही, वो तिफन क्या समझें जो घुटनों पे चलते हैं ' । उन्होंने कहा कि वे किसी बात के लिए कभी घुटनों के बल नहीं चले। हमेशा लोकहित के मुद्दों पर लोगों के साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे 12 साल से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के साथ रहे हैं और उन पर पूरा विश्वास रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार सियासी मजबूरियों के चलते फैसले लेने पड़ते हैं। इसलिए तमाम बातें भूलकर सत्ता परिवर्तन के लिए कांग्रेस उम्मीदवार सोमवीर सिंह का साथ देना है वो भी हमारे भाई हैं।

किसान नेता राजू मान ने कहा कि चाहे किसान आंदोलन रहा हो या कर्मचारियों समेत इलाके के ज्वलंत मुद्दों को लेकर अन्य आंदोलन रहे हों उन्होंने डटकर काम किया है। उन्होंने कहा कि हालात जैसे भी रहें लेकिन अपने इलाके के लोगों के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की विदाई और जन सहयोग से कांग्रेस का सत्ता में आना तय है इसमें हमें बड़ी भूमिका निभानी है।

कांग्रेस उम्मीदवार सोमवीर सिंह के बेटे समीर श्योराण ने कहा कि वो कार्यकर्ताओं के सम्मान को ठेस नहीं लगने देंगे और कांग्रेस की सरकार बनने पर इसका सूद सहित ऋण चुकायेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह का माहौल देखने को मिल रहा है उससे साफ झलक रहा है कि कांग्रेस पार्टी बड़ी जीत हासिल करने जा रही है। इस अवसर पर रामचंद्र श्योराण, मास्टर रघुबीर श्योराण, सुरेंद्र सांगवान ने भी अपने विचार रखे।

# पूर्व सीएम ओपी चौटाला व अभय होंगे स्टार प्रचारक

**चंडीगढ़। चेतना ब्यूरो।** इनेलो ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची हरियाणा के मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजी है। जारी की गई सूची में पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओम प्रकाश चौटाला, प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, प्रकाश भारती, पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी, पूर्व विधायक बलवंत मायना, नरेंद्र वर्मा, पूर्व डीजीपी एमएस मलिक, कमल नागपाल, पूर्व विधायक रेखा राणा, राज सिंह मोर, सुनील लांबा, पूर्व विधायक सीताराम, राम कुमार रोड़, महेंद्र सिंह चौहान, जगतार सिंह संधू,पूर्व विधायक रणवीर सिंह मंदोला, पूर्व विधायक धर्मपाल ओबरा, पूर्व विधायक ओम प्रकाश गोरा, पूर्व विधायक रामफल कुंडू, पूर्व विधायक पिरथी नंबरदार, श्रीमती कांता चौटाला, करण सिंह चौटाला, अर्जुन सिंह चौटाला, रवि चौटाला, जय कुमार पंवार, जाहिद खान, ओम प्रकाश गोयल, फूल सिंह रोड़, श्रीमती सुमित्रा देवी, प्रदीप सिन्हा, प्रताप सिंह गुज्जर को स्टार प्रचारक बनाया गया है।

# युवा, किसान के साथ हुए अन्याय का बदला लेंगी जनता: राजबीर फरटिया

**चेतना संवाददाता।**
**बहल।**

भिवानी जिले की लोहारु विधानसभा से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ रहें पूर्व जिला प्रमुख और समाजसेवी राजबीर फरटिया ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के किकराल, देवसर, गेंडावास, बख्तावरपुरा, शेरपुरा, गुढ़ा, बिधवान और तलवानी सहित सैकड़ों गांवों में जनसभाए की। जनसभा कार्यक्रम में हजारों की संख्या में गणमान्य लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

इस के बाद समाजसेवी राजबीर फरटिया ने कहा कि



बीजेपी सरकार में महंगाई आसमान छू रही है जिससे मध्यम एवं मजदूर वर्ग के लोगों का जीना हराम कर दिया है उन्होंने कहा कि आज किसान का खून निचोड़कर ही किसान को चढ़ाया जाता है। एक रूपया छीनकर, पांच पैसा फेंकने को किसान सम्मान निधि बताया जाता है। भाजपा के जुमलों की पोल खुल चुकी है ।हरियाणा की जनता मन बना चुकी है कि भाजपा को भगाना है कांग्रेस को लाना है। मजदूर किसान, पहलवान,नौजवान हर वर्ग के साथ हुए अन्याय का बदला लेगा हरियाणा ।हरियाणा में युवा से लेकर किसान तक हर व्यक्ति ने बदलाव का संकल्प ले रखा है और यह संकल्प 8 अक्टूबर को पूरा होगा।

इस दौरान उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार आने पर बुजुर्गों को देश में सबसे ज्यादा 6000 रुपये बुढ़ापा पेंशन, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम, गरीब परिवारों को 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट व 3.5 लाख रुपये की लागत से 2 कमरे के मकान, किसान को एमएसपी गारंटी और रसोई गैस 500 रूपये करने का कार्य कांग्रेस सरकार करेगी।

# नाकों पर संदिग्ध वाहनों की गहनता से की जा रही है जांच

**चरखी दादरी। चेतना ब्यूरो।** हरियाणा विधनसभा आम चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न कराने के लिए जिला में पर्याप्त नाकाबंदी की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने नाकों से गुजरने वाले वाहनों की चैकिंग के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने नाकों पर तैनात संबंधित टीम को पूरी सतर्कता व चौकसी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच सुनिश्चित की जाए। प्रलोभन देकर वोट हासिल करने तथा पैसे, शराब या अन्य किसी भी वस्तु के चुनाव में गैर कानूनी इस्तेमाल करने वाले पर पैनी नजर बनाए रखें। चुनाव की आड़ में शराब बेचने वालों पर पैनी नजर रखी जाए। असामाजिक तत्वों की लगातार निगरानी करें।

# 'एक स्थायी विश्व के लिए इंजीनियरिंग समाधान' थीम पर इंजीनियर्स दिवस 2024 का आयोजन

**चेतना संवाददाता।**

**बहल।**

बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बहल में इंजीनियर्स दिवस पूरे उत्साह और उमंग के साथ



मनाया गया। इस वर्ष का आयोजन एक स्थायी विश्व के लिए इंजीनियरिंग समाधान थीम पर आधारित था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स), पिलानी के कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रतीक नारंग रहे। विशेष अतिथि के रूप में बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस. के. सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर तकनीकी प्रदर्शनी प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई जिनमें 96 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 35 प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी की गई । मुख्य अतिथि डॉ. प्रतीक नारंग ने इस थीम के महत्व को समझाते हुए कहा कि वर्तमान में सतत विकास के लिए तकनीकी समाधान अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने अपने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एक स्थाई विश्व के लिए इंजीनियरिंग के विभिन्न पहलुओं और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को न केवल तकनीकी ज्ञान में महारत हासिल करने के लिए प्रेरित किया, बल्कि संचार कौशल, सॉफ्ट स्किल्स और प्रतियोगी क्षमताओं में भी सुधार करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. एस. के. सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि इंजीनियर्स दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर इंजीनियरों को प्रोत्साहित करना है ताकि वे अपनी तकनीकी क्षमताओं का उपयोग करके एक स्थायी और समृद्ध भविष्य के निर्माण में योगदान दे सकें। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुज शर्मा ने कहा कि हर साल 15 सितंबर को इंजीनियर्स दिवस के रूप में मनाना महान अभियंता और भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के प्रति सम्मान और उनकी देश के प्रति सेवाओं की सराहना का प्रतीक है।

# सैलजा कांग्रेस की सम्मानित नेता, उनके विरुद्ध टिप्पणी करने वालों का कांग्रेस में नहीं कोई स्थान: हुड्डा

**कांग्रेस खत्म नहीं होने देगी संविधान और आरक्षण, बीजेपी के मंसूबे नहीं होंगे कामयाब**

**रोहतक। चेतना ब्यूरो।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कुमारी सैलजा हमारी बहन हैं और कांग्रेस की सम्मानित नेता हैं। कोई भी कांग्रेस का नेता या कार्यकर्ता उनके बारे में गलत टिप्पणी नहीं कर सकता। उनके विरुद्ध बोलने वाले लोगों का कांग्रेस में कोई स्थान नहीं है।

हुड्डा आज रोहतक में पत्रकार वार्ता के दौरान कुमारी सैलजा को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आज सभी लोगों के हाथ मोबाइल है और लोगों को मैन्युपुलेट करके कुछ भी बुलवाया जा सकता है। लेकिन ऐसी मानसिकता का समाज या राजनीति में कोई स्थान नहीं है। विरोधी दल जानबूझकर समाज को बांटने वाली साजिशें रच रहे हैं। लेकिन हरियाणा का समाज किसी की चाल फंसकर जात-पात में नहीं बंटने वाला। 36 बिरादरी एकजुट होकर कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है। पूरे हरियाणा में एक ही नारा गूंज रहा है- ना जात पर-ना पात पर, बटन दबेगा हाथ पर।

आज बेरी से भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक ओमप्रकाश कादियान और उनके बेटे विक्रम कादियान ने सोमवार को कांग्रेस ज्वाइन कर ली है। विक्रम कादियान भाजपा के टिकट पर दो बार बेरी से चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री गायित्री देवी ने भी कांग्रेस का हाथ थाम लिया। साथ ही कई सरपंचों, ब्लॉक समिति चेयरमैन, भाजपा के कई पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया और भरोसा दिलाया कि उनका पार्टी में पूरा मान-सम्मान किया जाएगा।

ज्वाइनिंग के बाद सिरसा से हलोपा प्रत्याशी गोपाल कांडा को भाजपा द्वारा समर्थन करने के सवाल पर हुड्डा ने कहा कि ये बात प्रदेश की जनता को पहले ही पता थी। जिस इनेलो-हलोपा का पहले अप्रत्यक्ष तौर पर बीजेपी के साथ गठबंधन चल रहा था, वह अब सार्वजनिक हो



गया है। हरियाणा में सीधा मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच है। इनेलो, जेजेपी, हलोपा जैसे तमाम दल सिर्फ कांग्रेस के वोट काटने के लिए मैदान में उतारे गए हैं। कई निर्दलीयों को भी भाजपा ने यहीं जिम्मेदारी सौंपी है। जनता को ऐसे उम्मीदवारों से सावधान रहने की जरूरत है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा आरक्षण खत्म करने को लेकर भी दुष्प्रचार कर रही है। जबकि हरियाणा में कौशल निगम की भर्तियों में आरक्षण खत्म करने का काम बीजेपी ने किया। ओबीसी की क्रिमी लेयर की लिमिट 8 से घटाकर 6 लाख करके आरक्षण छीनने का काम भी बीजेपी ने ही किया है। देश में संविधान और आरक्षण लागू करने का काम कांग्रेस ने किया था और कांग्रेस ही इसकी रक्षा करेगी।

## संपादकीय

# इस्तीफे का दांव, केजरीवाल ने कर दिए एक तीर से कई शिकार

दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के अरविंद केजरीवाल के फैसले ने एक स्तर पर लोगों को चौंकाया जरूर, लेकिन इसने प्रांतीय और राष्ट्रीय राजनीति के कई तात्कालिक और कुछ दूरगामी पहलुओं की ओर भी ध्यान खींचा है। केजरीवाल के जेल में रहते हुए उन पर इस्तीफे का दबाव बनाने में विरोधियों ने कोई कसर उठा नहीं रखी। उस पूरी अवधि में सभी दबावों की अनदेखी करते हुए वह अड़े रहे। अब जब केंद्रीय एजेंसी CBI पर सख्त टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी और पूरी पार्टी इसे केजरीवाल की जीत बता रही है, तब उन्होंने इस्तीफे का एलान कर दिया। इसी बिंदु पर चुनावी राजनीति की रणनीतिक बारीकियां अपनी ओर ध्यान खींचती हैं। दिलचस्प है कि इस मामले में चाहे BJP हो या AAP दोनों में हमलावर तेवर बनाए रखने की जैसे होड़ लगी हुई है। दोनों ही दल इस बात को लेकर काफी सतर्क नजर आते हैं कि वे बचाव की मुद्रा में न दिखने लग जाएं। आप नेता चाहें या न चाहें केजरीवाल की छवि दिल्ली में बड़ा चुनावी मुद्दा बनने ही वाली है। ऐसे में इस्तीफे के जरिए इस सवाल को केंद्र में लाकर आप ने यह साबित करने का प्रयास किया है कि वह इस सवाल से किसी भी रूप में कतरा नहीं रही। महत्वपूर्ण यह भी है कि केजरीवाल ने पहले इस्तीफा न देने से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए पूरे I.N.D.I.A. ब्लॉक को इस दायरे में शामिल कर लिया। उन्होंने कहा कि चाहे कर्नाटक में सिद्धारमैया हों या केरल में पी विजयन या पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी– BJP ने इन सबके खिलाफ मामला दर्ज कर इनकी सरकार गिराने की साजिश तैयार रखी थी। इस बड़ी साजिश को नाकाम करने के लिए ही वह अब तक इस्तीफा न देने की बात पर अड़े रहे। साफ है कि खुद को I.N.D.I.A. ब्लॉक में मजबूती से बनाए रखना अभी उनकी प्राथमिकता में है। हालांकि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से आखिरी पलों में तालमेल के कोई संकेत अभी तक नहीं हैं। चाहे अन्ना आंदोलन हो या एक राजनीतिक पार्टी के रूप में उभर आने के बाद का आप लीडरशिप ईमानदारी को कानून–व्यवस्था की नजरों से ही देखती थी। इसीलिए शुरू में उसका स्टैंड यह था कि जिस नेता पर भी कोई मामला दर्ज हो या उसे गिरफ्तार किया जाए, उसे इस्तीफा दे देना चाहिए। इस बार पार्टी के नेता पद छोड़ने का फैसला करते हुए भी जनता की अदालत में खुद को बेकसूर साबित करने पर जोर दे रहे हैं। यह पार्टी के नजरिए में आए बदलाव का सबूत है। यह भारत में राजनीति की जीवंतता की एक निशानी तो है ही।

# सीबीआई को फिर बताया सुग्गा

### अशोक त्रिपाठी



देश की सबसे बड़ी अदालत अर्थात सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने गत 13 सितंबर को आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में सीबीआई की भूमिका पर फिर सवाल उठाया। उन्होंने सीबीआई को देश की एक प्रीमियर जांच एजेंसी बताते हुए कहा कि जनहित में उसे न सिर्फ निष्पक्ष होना चाहिए बल्कि ऐसा करके उसे दिखाना भी होगा। जस्टिस भुइयां ने कहा सीबीआई को ऐसी धारणा दूर करने का प्रयास करना चाहिए कि जांच निश्पक्ष रूप से नहीं की गयी थी और गिरफ्तारी दमनात्मक और पक्षपातपूर्ण तरीके से की गई। उन्होंने कहा कि कानून के शासन द्वारा संचालित एक क्रियाशील लोकतंत्र में धारणा बेहद मायने रखती है। इसलिए जांच एजेंसी को ईमानदार होने के साथ–साथ ईमानदार दिखना भी चाहिए। जस्टिस भुइयां ने सीबीआई के संदर्भ में यह टिप्पणी आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को सशर्त जमानत पर रिहा करने का आदेश जारी करते हुए की है। इससे लगभग एक दशक पहले जब कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन यूपीए की सरकार हुआ करती थी तब कोल आबंटन घोटाले की जांच के दौरान तत्कालीन सरकार को अधूरी जांच फाइल दिखाने पर सुप्रीम कोर्ट ने इसी प्रकार की टिप्पणी की थी। देश की सबसे बड़ी अदालत ने तब भी सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता बताया था। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि लगभग एक दशक के बाद भी जब केंद्र में भाजपा की लगातार सरकार बनी और उसकी तीसरी पारी चल रही है तब भी सीबीआई की छवि नहीं सुधर पायी है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 13 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने ये जमानत दिल्ली सरकार की आबकारी नीति से जुड़ी सीबीआई की एफआईआर में दी है।

इस मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत और उज्जवल भुइयां की बेंच ने की थी और पांच सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने जमानत देते हुए कहा कि सीबीआई को पिंजरे में बंद तोते की छवि तोड़नी चाहिए और उसे दिखाना चाहिए कि वह पिंजरे में बंद तोता नहीं है। जस्टिस ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की टाइमिंग पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब ईडी के मामले में जमानत मिल गई थी तभी सीबीआई ने दोबारा गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की थीं। इसमें एक याचिका जमानत न दिए जाने के खिलाफ थी और दूसरी याचिका इस केस में सीबीआई की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर की गई थी। मार्च 2024 में केजरीवाल को ईडी की टीम ने गिरफ्तार किया था लेकिन 12 जुलाई को ईडी के मामले में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई थी मगर जमानत मिलते ही सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया था। इस कारण तब केजरीवाल जेल से बाहर नहीं आ सके थे। अब दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने केजरीवाल को जमानत मिलने पर कहा– सत्यमेव जयते. सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने कहा– झूठ और साजिशों के खिलाफ लड़ाई में आज पुनः सत्य की जीत हुई है। एक बार पुनः नमन करता हूँ बाबा साहेब आंबेडकर जी की सोच और दूरदर्शिता को, जिन्होंने 75 साल पहले ही आम आदमी को किसी भावी तानाशाह के मुकाबले मजबूत कर दिया था।

लोकसभा चुनावों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को चुनाव प्रचार के लिए अरविंद केजरीवाल को 21 दिनों यानी दो जून तक के लिए अंतरिम जमानत भी दी थी। बीते दिनों दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी इस मामले में जमानत मिली थी. सिसोदिया 17 महीने बाद जेल से बाहर आ सके थे। इससे पहले संजय सिंह जमानत पर बाहर आ गए थे। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि बीजेपी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर झूठे आरोपों में विपक्षी नेताओं को फँसा रही है। बीजेपी ऐसे आरोपों को खारिज कर रही है कि कानून की नजर में सब बराबर हैं।

दिल्ली सरकार ने एक नई आबकारी नीति (आबकारी नीति 2021–22) नवंबर 2021 में लागू की थी। नई आबकारी नीति लागू करने के बाद दिल्ली का शराब कारोबार निजी हाथों में आ गया था।दिल्ली सरकार ने इसका तर्क दिया था कि इससे इस कारोबार से मिलने वाले राजस्व में वृद्धि होगी। दिल्ली सरकार की यह नीति शुरू से ही विवादों में रही लेकिन जब यह विवाद बहुत बढ़ गया तो नई नीति को खारिज करते हुए दिल्ली सरकार ने जुलाई 2022 में एक बार फिर पुरानी नीति को ही लागू कर दिया था। मामले की शुरुआत दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार की उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, आर्थिक अपराध शाखा नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को भेजी गई रिपोर्ट से हुई। यह रिपोर्ट 8 जुलाई 2022 को भेजी गई थी। इसमें आबकारी विभाग के प्रभारी होने के नाते सिसोदिया पर उपराज्यपाल की मंजूरी के बिना नई आबकारी नीति के जरिए फर्जी तरीके से राजस्व कमाने के आरोप लगाए गए। रिपोर्ट में बताया गया कि कंपनियों को लाइसेंस फीस में 144.36 करोड़ की छूट दी गई थी। इससे लाइसेंसधारी को अनुचित लाभ पहुंचा, जबकि सरकारी खजाने को लगभग 144.36 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

सुप्रीम कोर्ट की सीबीआई को लेकर ये टिप्पणी इसलिए भी अहम हो जाती है, क्योंकि ठीक 11 साल और 4 महीने पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह की टिप्पणी की थी। तब सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता बताया था।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस आरएम लोढ़ा, जस्टिस मदन बी. लोकुर और जस्टिस कुरियन जोसेफ की बेंच ने 9 मई 2013 को सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता कहा था। सुप्रीम कोर्ट में उस वक्त कोयला घोटाले से जुड़े मामले की सुनवाई हो रही थी।

सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा था, सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है। इस तोते को आजाद करना जरूरी है। सीबीआई स्वायत्त संस्था है और उसे अपनी स्वायत्तता बरकरार रखनी चाहिए। सीबीआई को एक तोते की तरह अपने मास्टर की बातें नहीं दोहरानी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट सीबीआई को फटकार लगा रही थी और निशाना सीधा तत्कालीन कोयला मंत्री अश्विनी कुमार पर लग रहा था। सुप्रीम कोर्ट को इस बात पर सख्त ऐतराज था कि कोयला घोटाले की स्टेटस रिपोर्ट किसी और को क्यों दिखाई गई। पीठ ने तीन घंटे तक सीबीआई के तत्कालीन निदेशक रंजीत सिन्हा के 9 पन्नों के हलफनामे पर गौर करने के बाद यह टिप्पणी की थी। सवाल यह है कि सत्ता परिवर्तन के एक दशक बाद भी सीबीआई की छवि क्यों नहीं सुधरी। (हिफी)

## स्वास्थ्य चेतना

महावीर आजाद शास्त्री

# आयुर्वेद के चमत्कार-875



1 – रुसी – गूंजा (चिरमिटी) की जड़, बीज तथा पत्तों का लेप बनाकर आधा घंटे सिर पर लगाकर मुल्तानी मिट्टी से साफ करने से सिर की रूसी नष्ट होती है। 2 – बालों की बढ़ोतरी – गुंजा के बीजों के चूर्ण को भृंगराज के तैल में पकाकर सिर पर लगाने से बालों की बढ़ोतरी हो जाती है। 3 – जोड़ों का दर्द – गुंजा, निर्गुण्डी तथा अरंड के पत्तों को समान भाग लेकर हल्का सा गर्म कर लेप बनाकर जोड़ों पर लगाने से जोड़ों का दर्द, सूजन, साइटिका का दर्द, सर्वाइकल रोग ठीक हो जाते हैं। 4 – जलन – गुंजा के पत्तों का बारीक लेप बनाकर निरंतरता में लगाने से शरीर के जिन भागों में जलन है, वह जलन नष्ट हो जाती है। 5 – शुक्र का बढ़ना – गोखरू चूर्ण 5 ग्राम तथा अश्वगंधा चूर्ण 5 ग्राम लेकर 100 ग्राम दूध में तब तक पकावें जब तक 50 ग्राम शेष न रह जाए। इसे 10 दिन सेवन करने से शुक्र की बढ़ोतरी होती है। 6 – गंजापन नष्ट होना – गोखरू तथा तिल के फूल समान भाग लेकर शहद में मिलाकर अच्छा सा लेप तैयार करके सिर में लेप कर दें। ऐसा कुछ दिन निरंतर करते रहने से जहां से बाल उड़ गए हैं वे दोबारा आ जाते हैं।

7 – बवासीर – चित्रक की जड़ को तिल के तैल में अच्छा पीस लेप बनाकर बवासीर के मस्सों पर लगाने से मस्से नष्ट हो जाते हैं। 8 – त्वचा रोग एवं जोड़ों का दर्द – चित्रक के तैल को जहां त्वचा पर रोग हो, उस पर लगा देने से तथा जोड़ों के दर्द पर लगाने से जोड़ों के दर्द नष्ट हो जाते हैं। 9 – मोटापा घटाना – चित्रक की जड़ 3 ग्राम को शहद के साथ 3 महीने तक सेवन करने से मोटापा नष्ट होता है। 10 – हैजा – चित्रक चूर्ण 2 ग्राम तथा पीपली चूर्ण 2 ग्राम को छाछ के साथ सेवन करने से हैजा नष्ट होता है। 11 – फोड़ा – तिल के तैल में जामुन के बीज का चूर्ण मिलाकर लेप तैयार कर फोड़े पर लगाने से फोड़ा ठीक हो जाता है। 12 – सुरीली आवाज – जामुन के बीज लेकर उसे पानी में अच्छी तरह से उबाल कर छान लें फिर उस पानी से बार–बार गरारे करने से आवाज सुरीली होती है तथा बैठा हुआ गला ठीक हो जाता है। 13 – सुंदर चेहरा – जामुन के बीज के चूर्ण को गाय के दूध में अच्छी प्रकार से पीसकर सोने से पहले चेहरे पर लगाकर सो जाएं तथा सवेरे चेहरे को साफ कर लें। ऐसा करने से कुछ दिन में चेहरा बहुत सुंदर बन जाता है। 14 – शरीर दर्द – जामुन की छाल लेकर पानी में पीसकर लेप तैयार कर लें। उस लेप को थोड़ा सा गर्म करके शरीर में जहां दर्द हो रहा हो, वहां पर लेप करने से दर्द समाप्त होता है। 15 – बवासीर खूनी – जामुन का फल लेकर नियमित रूप से दो–तीन महीने सेवन करने से बवासीर में गिरने वाला खून बंद होकर बवासीर नष्ट हो जाती है।

नोट – औषधि सेवन से पहले अपने वैद्य की सलाह लेकर निरोग बनें।

# अग्रवाल समाज ने कांग्रेस प्रत्याशी चन्द्रमोहन को दिया समर्थन

**पंचकूला। चेतना ब्यूरो।** पंचकूला विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्र मोहन के निवास पर अग्रवाल समाज के सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने बड़ी संख्या में पहुंच उन्हें तन, मन, धन से पूरा सहयोग और समर्थन देने का वादा किया। इस प्रतिनिधि मंडल में पंचकूला अग्रवाल समाज से विभिन्न संस्थाओं से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिसमें संत्य कुमार गुप्ता अग्रवाल सभा के संस्थापक, लख्मी चन्द गर्ग प्रधान सनातन धर्म चैरीटेबल ट्रस्ट पंचकूला के नेतृत्व में व डाक्टर नरेश मित्तल चेयरमैन माता मन्शा देवी गोधाम पंचकूला की अगुवाई में कांग्रेस प्रत्याशी चन्द्रमोहन से मुलाकात की। सभी सदस्यों में अपनी समस्या रखते हुए बताया कि पिछले 15 वर्ष से अग्रवाल सभा पंचकूला के चुनाव मौजूदा विधायक के प्रभाव के कारण रूके हुए है जिससे पंचकूला अग्रवाल समाज में भारी रोष है। उनका कहना है कि अग्रवाल सभा के चुनाव शीघ्र करवाएं जाएं।

चन्द्रमोहन ने आश्वासन दिया है कि चुनाव जीतने पर अग्रवाल समाज की इस समस्या का निवारण जरूर किया जाएगा तथा सभी अग्रवाल समाज के लोगों ने ने भी चन्द्रमोहन को आगामी चुनाव में विजयी दिलाने का भरोसा दिलाया है।

इस कार्यक्रम का आयोजन में सतीश कुमार, अनिल कुमार, पुनीत जैन, प्रमोद गुप्ता, योगेश, जय भगवान, तरसेम गर्ग, विकास गोयल, राजेश शर्मा, राकेश कुमार, श्याम लाल बंसल, पवन मित्तल, प्रवीन जैन, कश्मीरी लाल गोयल, अनिल गुप्ता, किसन जैन, पाला राम अग्रवाल, सतीश नवीन बंसल एडवोकेट, गायक राकी मित्तल व सुभाष मित्तल व चन्द्रभान भी उपस्थित थे।



# मोदी की जयंती पर पेड़ लगाने का कार्यक्रम

**नई दिल्ली। चेतना संवाददाता।** गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर गांधी दर्शन परिसर में स्वच्छता अभियान एवं पेड़ लगाने का कार्यक्रम किया जाएगा। गोयल ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से सबसे पहले स्वच्छता का नारा दिया था। देश में पर्यावरण जरूरी है और प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा से पर्यावरण को जीवन में अपनाने का संदेश दिया है और अभी उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान भी चलाया।

# युवा छात्र चैतन्य गर्ग को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी। चेतना संवाददाता।** स्थानीय चिरंजीव कॉलोनी स्थित डॉ. संजीव गर्ग के बड़े बेटे चैतन्य गर्ग जिनका गत दिनों 5 सितंबर को अकस्मात् निधन हो गया था की रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा में नगर के गणमान्य व्यक्तियों, अनेक सभा संस्थाओं के प्रतिनिधियों, शिक्षकों, पत्रकारों नगर के प्रमुख पत्रकारों, डॉक्टरों ने अपनी शोक श्रद्धांजलियां प्रकट की। शोक कर्ताओं ने कहा कि चैतन्य गर्ग एक बहुत ही संस्कारी एवं प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के धनी व कर्तव्यनिष्ठ छात्र थे। वह कक्षा 12 वीं में अध्यनरत थे और मात्र 17 वर्ष की आयु में इस संसार को अलविदा कह कर चले गए। वह जहां शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श के रूप में जाने जाते थे वहीं परिवार, रिश्तेदारों व आस–पड़ोस में भी उनकी कर्तव्य निष्ठा के प्रति सभी लोग आकर्षित रहते थे। उन्होंने अपनी छोटी सी उम्र में ही सब के दिलों में अपना एक स्थान बना लिया था इसीलिए वह सब के लोकप्रिय बने हुए थे। लेकिन भगवान के आगे किसी का जोर नहीं चलता है। किसी ने कभी सोचा भी नहीं था कि अचानक इस प्रकार से चैतन्य गर्ग हम सबको छोड़कर इस संसार से चले जाएंगे। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक डॉ. शिव शंकर भारद्वाज, डॉ. के सी काजल, डॉ. रमेश खासा, डॉ. रूपेंद्र कुमार रंगा , डॉ. प्रेम चराया , डॉ. के के गिरधर, डॉ. सुभाष अग्रवाल, डॉ. संजय सिंगल, डॉ. सुशील धमीजा, डॉ. एनके तनेजा, डॉ. आनंद, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. मोनिका गोयल, डॉ. त्रिलोकी गुप्ता सहित रिश्तेदार शामिल हुए, अनेक संस्थाओं द्वारा शोक प्रस्ताव भी भेजे गए।



CHAITANYA GARG
(7/10/2006 - 05/09/2024)

# भाजपा, कांग्रेस में कितने मुख्यमंत्री?

–कमलेश भारतीय



अभी तक तो कांग्रेस में ही मुख्यमंत्री पद के दावेदार एक दूसरे से उलझते दिख रहे थे लेकिन अब अनुशासित भाजपा मे भी यह मुख्यमंत्री बनने का रोग लग गया है । मैंनू मुख्यमंत्री बनने का लगा रोग, मैं न बचदा ! कांग्रेस में तीन चार दावेदार बड़े मुखर हैं –पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद सुश्री सैलजा, राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला और कैप्टन अजय यादव ! चारों में भी शार्ट लिस्ट करें तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सैलजा ! हालांकि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी दीपक बावरिया ने पहले कहा कि कोई भी सांसद विधानसभा चुनाव नहीं लड़ सकता ! इससे यह मुगालता हो गया कि सैलजा के मुख्यमंत्री बनने का सपना धराशायी लेकिन दूसरे ही दिन बावरिया के बोल बदले कि सांसद मुख्यमंत्री बनने का दावा कर सकते हैं तब कहीं जाकर मुख्यमंत्री पद के दावेदारों के जी को आया करार ! नहीं तो यह चर्चा थी कि सुश्री सैलजा उकलाना से विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं । वे अपने भतीजे हर्ष को उकलाना से कांग्रेस टिकट चाह रही थीं, जो नहीं मिली । यहां तक कि वे अपने बरसों से ओएसडी डॉ अजय चौधरी के लिए नारनौंद से कांग्रेस टिकट मांग रही थीं लेकिन यहां भी मात ही खाई । टिकट जस्सी पेटबाड़िया को मिला ! इस तरह इन दोनों टिकटों के कटने की राजनीतिक गलियारों में बड़ी चर्चा हो रही है । रणदीप सुरजेवाला को तो बेटे के लिए टिकट मिल गयी ! वे सुरक्षित खेल रहे हैं । इस तरह कांग्रेस में मुख्यमंत्री का खेल चल रहा है ।

दूसरी ओर भाजपा भी इस मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री के खेल से अछूती नहीं है । पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने मुख्यमंत्री बनने का राग मीडिया में छेड़ दिया है कि इस बार मुख्यमंत्री ही बनूंगा, मेरे समर्थक यह चाह रहे हैं। शुक्र है कहीं समर्थकों ने यह नहीं चाहा कि वे राष्ट्रपति बने जायें ! भाजपा के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री का चेहरा नायब सैनी ही हैं । यदि विज ने मुख्यमंत्री बनने की बात कही है तो कार्यकर्त्ता के तौर पर कही होगी लेकिन वे भाजपा के मुख्यमंत्री पद के चेहरे नहीं हैं, नायब सैनी ही घोषित रूप से मुख्यमंत्री का चेहरा हैं ! वैसे अनिल विज की तरह केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के भी मन में भी मुख्यमंत्री न बन पाने की कसक गयी नहीं और वे दक्षिण हरियाणा की उपेक्षा की बात कर अपना दावा दोहराते रहते हैं । दक्षिण हरियाणा में कांग्रेस से कैप्टन अजय यादव व भाजपा से राव? इंद्रजीत मुख्यमंत्री बनने का सपना कब से पाले हुए हैं लेकिन यह सपना है कि अभी तक सपना ही रह जाता है । हरियाणा में मुख्यमंत्री बनने का सपना देखने वालों में उचाना के चौ बीरेंद्र सिंह भी एक रहे हैं । वे भी कांग्रेस में दाल गलती न देखकर भाजपा में शामिल हो गये थे पर वहां भी केंद्रीय मंत्री से आगे कुछ हाथ न लगने पर बेटे व पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह समेत कांग्रेस में ही आ लौट आये। सपने का क्या बना? कोई नहीं जानता !

मुख्यमंत्री बनाने का सपना दिखाकर बहला लेंगे, फिर भी न माना तो बेटे बेटी को टिकट देकर बहला लेंगे!

**यही राजनीतिक खेल जारी है**

–पूर्व उपाध्यक्ष, हरियाणा ग्रंथ अकादमी। 9416047075

# राजकाज और कामकाज की भाषा बने हिंदी: डॉ. मानव

**नारनौल। चेतना ब्यूरो।** सिंघानिया विश्वविद्यालय, पचेरी बड़ी (झुंझुनूं) द्वारा हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत हिन्दी–समारोह का आयोजन आज किया गया, जिसमें अनेक प्रमुख कवियों, साहित्यकारों और शिक्षाविदों तथा विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सहभागिता की। हिंदी–प्राध्यापिका डॉ. शर्मिला यादव के कुशल संचालन में संपन्न हुए इस समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद् डॉ. रामनिवास %मानव% ने बतौर मुख्य अतिथि हिंदी को राजभाषा के रूप में समुचित सम्मान न मिलने पर निराशा प्रकट करते हुए कहा कि राजकाज और कामकाज की भाषा बने बिना हिंदी का सम्यक् विकास संभव नहीं है। विशिष्ट अतिथि और नारनौल की वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. कांता भारती ने हिंदी को राष्ट्रीय अस्मिता की भाषा बताते हुए उसके महत्त्व को रेखांकित किया, तो गुरुग्राम से पधारे कोल इंडिया लिमिटेड के पूर्व महानिदेशक और विशिष्ट अतिथि कवि राजपाल यादव %राज% ने कविताओं के माध्यम से अपने हिंदी–प्रेम को व्यक्त किया। शोध–अधिष्ठाता डॉ. सुमेर सिंह ने भाषा तथा विभिन्न बोलियों के परस्पर संबंध पर अपने विचार रखे, वहीं पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. धर्मपाल बरगढ ने भाषा और मातृभाषा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रीति गर्ग और डॉ. प्रभात त्रिपाठी ने हिंदी पर केंद्रित कविता–पाठ किया। उपकुलपति डॉ. पवन त्रिपाठी ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि हिंदी जन–मानस की भाषा है, जिसके माध्यम से देश और समाज को एकता के सूत्र में पिरोया जा सकता है। कार्यक्रम के संयोजक और कुलसचिव डॉ. मोहम्मद इमरान हाशमी ने हिंदी को सांस्कृतिक समन्वय की भाषा बताते हुए स्पष्ट किया कि हिंदी भारत की आत्मा है, अतः दोनों को अलग करके नहीं देखा जा सकता।





ये हुए सम्मानित – इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। निबंध–लेखन प्रतियोगिता में दुर्गेश को प्रथम और सुप्रिया को द्वितीय, पोस्टर–निर्माण प्रतियोगिता में मोहित को प्रथम और नवीन को द्वितीय तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दुर्गेश और मोहित की टीम को प्रथम तथा निकिता और अक्षय की टीम को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। अनुराग और जयप्रकाश को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

ये रहे उपस्थित – लगभग दो घंटों तक चले इस भव्य समारोह में प्रशासनिक अधिकारी विजेंद्र शर्मा, सुरेंद्र यादव, एडवोकेट, डॉ. शर्मिला यादव, डॉ. योगेश जांगिड़, डॉ. आलोक, डॉ रुक्मिणी राधास्वामी, डॉ. सविता तिवारी, डॉ. मोनिका, डॉ. रविदत्त यादव, मीनू नैन, ज्योति शर्मा, कपिल शर्मा, सुहानी तनेजा, रोहित शेखावत, विकास शर्मा, सुशील कुमार आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जनता जानती है, भाजपा-इनेलो के मिलने से भी पार नहीं पड़ेगी : दिग्विजय चौटाला

## कहा, जेजेपी ने विकास कार्य करके दिखाए है और काम करने वाले को ही वोट देती है जनता

**चंडीगढ़, चेतना संवाददाता।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव एवं डबवाली से जेजेपी-एएसपी गठबंधन उम्मीदवार दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा ने इनेलो नेता अभय चौटाला के साथ हाथ मिला लिया है और बीजेपी-इनेलो आपस में मिलकर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा और इनेलो चुनाव में चाहे कितनी भी सांठगांठ कर ले, न तो बीजेपी की पार पड़ेगी और न ही इनेलो की। दिग्विजय ने कहा कि बीजेपी के साथ जो भी राजनीतिक दल जाएगा उसका बुरा हश्र होगा। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने तो समय से पहले भाजपा से पीछा छुड़ा लिया है। सोमवार को दिग्विजय डबवाली में विभिन्न गांवों में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। ग्रामीणों द्वारा दिग्विजय चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया।

दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि डबवाली में जेजेपी-एएसपी गठबंधन को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सोच-समझकर जनता काम करने वाले उम्मीदवार को ही अपना कीमती वोट देती है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि डबवाली जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला और



विधायक नैना सिंह चौटाला की कर्मभूमि है और यहां की जनता से सदैव हमें प्यार और स्नेह मिला है। उन्होंने कहा कि डबवाली के विकास के लिए हम सदैव प्रयासरत रहे है और पूर्व गठबंधन सरकार के दौरान जेजेपी ने क्षेत्र विकास के लिए हर संभव कदम उठाए है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि यहां हमारे विरोधी उम्मीदवारों के पास काम गिनवाने के लिए कुछ नहीं है और न ही ये लोग कभी डबवाली का भला कर सकते।

सोमवार को जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला और विधायक नैना सिंह चौटाला ने भी डबवाली में जेजेपी-एएसपी प्रत्याशी दिग्विजय चौटाला के लिए ग्रामीणों और शहरवासियों से वोट की अपील की। अजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी-एएसपी कार्यकर्ता डबवाली में गठबंधन को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए दिन-रात मेहनत करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी के विकास कार्यों को जनता के समक्ष रखे और वोट मांगे।

# योग्यता पर दी नौकरी, खर्ची-पर्ची पर लगाया विरामः मनोहर

## सर्राफ के समर्थन में पंजाबी नेता विनोद ने लिया नामाकंन वापस

**भिवानी, चेतना ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश् में युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार दिया। जो युवक योग्य हुआ,उसी को नौकरी मिली है। खर्ची व पर्ची पर पूरी तरह से विराम लगा दिया। भाजपा सरकार में ऐसे युवाओं को रोजगार मिला है,जिन्होंने सपने में भी नहीं सोंचा होगा। वे आज पंजाबी समुदाय द्वारा टिबड़ेवाल सभागार में भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान विधायक घनश्याम सर्राफ के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रह थे। इस दौरान पंजाबी समुदाय द्वारा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व प्रत्याशी घनश्याम सर्राफ को सम्मान की पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान




पंजाबी समाज के नेता विनोद चावला ने घनश्याम सर्राफ के समर्थन में अपना नामाकंन पर्चा वापस ले लिया। उन्होंने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर भिवानी विधानसभा से नामाकंन किया हुआ था। इस मौके पर पंजाबी समाज के अनेक लोगों ने केंद्रीय मंत्री व प्रत्याशी घनश्याम सर्राफ को सम्मानित किया। इस मौके पर धर्मवीर सिंह सांसद,जिला अध्यक्ष मुकेश गौड, अविनाश सरदाना, सोहन लाल मक्कड़, कृष्ण लाल पाहवा,विनोद चावला, बिशंबर अरोड़ा, पार्षद मनीष गुरेजा, आशु कामरा,के के ग्रोवर , अर्जुन मिड्ढा, एडवोकेट जोगेंद्र तंवर,विकास कठपालिया, बंशीधर मखीजा, मीना परमार, वीरेंद्र कौशिक, संदीप श्योराण आदि मौजूद थे।।

## डीएलएसए ने हालसा व नालसा की स्कीमों के बारे में आमजन को दी जानकारी



**कुरुक्षेत्र, चेतना संवाददाता।** विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में नालसा व हालसा की योजनाओं के बारे में पम्पलेट देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएलवी रामप्रसाद ने कीर्ति नगर में लोगों को जागरूक किया और उन्हें नालसा (विक्टिम्स आफ एसिड अटैक), विधवा महिलाओं के लिए योजनाएं, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पम्पलेट बांटे। इन कैंपों का उद्देश्य है लोगों में जागरूकता लाना है।

# एनईपी के अनुरूप तकनीकी जानकारी के लिए लघु अवधि कार्यक्रम शुरू

**हिसार, चेतना संवाददाता।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) मानव संसाधन विकास केंद्र के सौजन्य से सोमवार को %इनोवेटिव पेडागोगिकल अप्रोचेज इन हायर एजुकेशन एड्रेसिंग लर्निंग नीड्स एज पर एनईपी-2020% विषय पर एक लघु अवधि कार्यक्रम शुरू किया गया। विवि अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने किया। अध्यक्षता एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. सुनीता रानी ने की। इस दौरान शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो. वंदना पूनिया, कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. अनुराग सांगवान व उपनिदेशक डॉ. हरदेव सैनी मौजूद रहे। कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम होती



है। शिक्षकों को नई तकनीकों से अपने आप को अपडेट करना होगा, तभी वे विद्यार्थियों को नवीनतम कौशल का ज्ञान दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में डिजिटल एवं नवीनतम तकनीकों को शामिल किया गया है।

प्रो. सुनीता रानी ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से 46 शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता प्रो. वंदना पूनिया ने स्वागत संबोधन किया तथा पाठ्यक्रम के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। धन्यवाद सम्बोधन डॉ. अनुराग सांगवान ने किया।

## रोड शो के लिए राजनैतिक दल या उम्मीदवार को लेनी होगी परमिशन : राजेश जोगपाल

**कुरुक्षेत्र, चेतना संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव-2024 में प्रत्येक राजनीतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाए जाएंगे। किसी भी राजनीतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो इसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है। रोड शो के काफिले से रोड जाम नहीं होना चाहिए। जहां पर अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश जोगपाल ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा किसी भी रेस्ट हाउस, डाक बंगला और सरकारी मकान का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त कोई भी राजनीतिक व्यक्ति अपने भाषण में जाति, धर्म से संबंधित शब्दों को प्रयोग नहीं कर सकेगा। राजनीतिक दल अपने बैनर पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च की फोटो का प्रयोग भी नहीं कर सकेगा। जिला स्तर पर बनाई गई चुनाव खर्च निगरानी टीम उम्मीदवार के कार्यक्रमों पर नजर रखेगी।

## संजय गांधी स्कूल के खिलाड़ियों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

**लाडवा, चेतना संवाददाता।** सीबीएसई क्लस्टर 2024 के अंतर्गत रॉयल इंटरनेशनल स्कूल फतेहाबाद में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसमें संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल धनोरा लाडवा के खिलाड़ियों ने खेल अध्यापक संजीव मंढ़ाण एवं पायल के नेतृत्व में भाग लिया । हर्ष का विषय है कि विद्यालय के खिलाड़ी रक्षित में 200 मीटर में गोल्ड मेडल एवं लंबी कूद में कांस्य पदक प्राप्त किया । विद्यालय के एक अन्य खिलाड़ी शिवम ने 1500 मीटर रेस में रजत पदक प्राप्त किया । रक्षित और शिवम दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए




क्वालीफाई कर लिया है । विद्यालय प्रबंधन के प्रधान पवन गर्ग और सचिव रविंद्र बंसल ने खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी एवं वाराणसी में होने वाली नेशनल लेवल की प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की अग्रिम शुभकामनाएं दी ।

अपनी जीत का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उनके विशेष मार्गदर्शन को देते हुए खिलाड़ियों ने उनका व अपने खेल अध्यापकों का धन्यवाद किया । प्रधानाचार्य धर्मेंद्र खेड़ा ने विद्यार्थियों को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी । वाराणसी में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए उन्हें पूरे मन, निष्ठा व कर्त्तव्य भावना से भाग लेने के लिए प्रेरित किया ।

## अहीरवाल की बेटी होने के साथ उसके परिवार को अटेली से गहरा रिश्ता : आरती राव

**नारनौल/चेतना ब्यूरो।** केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की पुत्री व भाजपा की अटेली प्रत्याशी आरती राव ने अपने लिए जनसंपर्क अभियान के तहत अनेक गांवों का दौरा कर मतदाताओं से वोटों की अपील की। जनसंपर्क के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा रामपुरा हाउस के समर्थकों ने जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। वही गांव नांगल में हिमाचल के स्पेशल सेबों से तोला गया। अटेली विधायक सीताराम यादव विशेष रूप से उनके साथ रहे। जनसंपर्क गुढ़ा, रसुलपुर, चेलावास, मोहनपुर, नांगल, इसराणा, रामबास, ढ़ाणा, मानपुरा, मोड़ी गांवों में किया। अपने सम्बोधन में आरती राव ने कहा कि वह अहीरवाल की बेटी है



तथा उनके परिवार का अटेली से गहरा ताल्लुक है। उनके पिता राव इंद्रजीत सिंह महेंद्रगढ़ लोकसभा से दो बार सांसद रहने के अलावा के उसके दादा स्व. राव बिरेंद्र भी यहां के प्रतिनिधि रहे है। 2009 में परिसीमन में महेंद्रगढ़ को अलग अहीरवाल से अलग कर दिया था, इसलिए उनके पिता को गुरूग्राम में जाना पड़ा। उसने 13 जुलाई अटेली में हुई जनसभा में अटेली को पहली पंसद बताया था, उसके तहत वह यहां से चुनाव लड़ रही है। जनसंपर्क के दौरान उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने वादा किया कि चंडीगढ़ को अटेली में ला कर यहां का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। विधानसभा के दोनों कस्बों अटेली व कनीना में स्थायी ऑफिस बना कर यहां के लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। निवर्तमान विधायक सीताराम यादव ने कहा कि 2019 के चुनावों में भाजपा के हाईकमान व राव इंद्रजीत सिंह के चलते उसके जैसे साधारण कार्यकर्ता को चंडीगढ़ तक पहुंचने का मौका मिला। भाजपा में साधारण कार्य करता को पूरा महत्व दिया जाता है इसलिए आने वाली 5 अक्टूबर को आरती राव के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वोट करे। भाजपा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में अहीरवाल क्षेत्र में विकास के कार्य किये। इस मौके पर अटेली विधायक सीताराम यादव, भोजावास मंडल प्रधान सुरेश प्रधान, जयप्रकाश ककराला चेयरमैन, सतीश कुमार कानूनगो, नायब तहसीलदार नेतराम, पार्षद सतपाल पाथेड़ा, विधानंद लांबा,चेयरमैन, डिपंल जांगड़ा सरपंच, धर्मबीर सरपंच कोटिया, अजय सरपंच करीरा सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## प्रतिथा ने जीता सर्वश्रेष्ठ एथलीट अवार्ड

**लाडवा, चेतना संवाददाता।** लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने गर्व के साथ बताया कि सीबीएसई की एथलीट प्रतियोगिता ज्ञान ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिरसा में आयोजित की गई 7 जिसमें अंडर 14 के तहत प्रतिष्ठा ने 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद में स्वर्ण पदक प्राप्त किया और उसे सर्वश्रेष्ठ एथलीट अवार्ड द्वारा भी सम्मानित किया गया 7 इसके आधार पर प्रतिष्ठा का सीबीएसई नेशनल खेलों में चयन हुआ 7 इसके तहत वह 6 से 10 अक्टूबर 2024 तक वाराणसी में खेलने के लिए जाएगी।

# न जाट न ओबीसी, हरियाणा में इस जाति को टार्गेट कर रही भाजपा, सीएम फेस की भी चर्चा

**सीएम कुर्सी को लेकर राव इंद्रजीत सिंह भी मैदान में, पंडित रामबिलास ने दिया आशीर्वाद ➡ उत्तर तथा दक्षिण हरियाणा में कुर्सी को लेकर बयानबाजी तेज ➡ पीएम मोदी की कुरुक्षेत्र रैली फीकी, रैली से खट्टर रहे बाहर ➡ भारती सैनी, शिवकुमार मेहता, राजीव जैन, संतोष यादव व राजकुमार सैनी का नामांकन वापिस**



*अशोक कुमार कौशिक*

**दैनिक चेतना ब्यूरो।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव दिन प्रतिदिन फंसता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा में किया गया चुनाव का श्री गणेश असरकारक नहीं रहा। कुरुक्षेत्र रैली फीकी रहने के कारण भाजपा की चिंताएं अधिक बढ़ गई है। 9 वर्षों तक प्रदेश में शासन करने वाले मनोहर लाल खट्टर न केवल खुद गायब नजर आए बल्कि उनका कोई फोटो भी वहां नहीं देखा गया। हरियाणा में यदि टिकट वितरण में उनका बड़ा हाथ रहा है पर एक खट्टर का गायब होना भी चर्चा का विषय बन गया है। दूसरी और भारतीय जनता पार्टी अपने बाकी प्रत्याशियों को मनाने में जुटी है। उनमें से चार लोगों ने आज अपना नामांकन वापस ले लिया है। राजकुमार सैनी, भाजपा जिला महेंद्रगढ़ के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार मेहता, हरियाणा की पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, जिला महेंद्रगढ़ महिला मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भारती सैनी व राजीव जैन ने अपने फार्म वापस ले लिए हैं।


बीजेपी के केंद्र में बहुमत गंवाने के बाद अब पार्टी आलाकमान के दबदबा कम होता दिखाई दे रहा है। जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के नेता अब शीर्ष नेतृत्व को आंखे दिखाने लगे हैं। भाजपा द्वारा अपमानित होने के बावजूद पार्टी में बने रहने वाले पंडित रामबिलास शर्मा ने भी राव इंद्रजीत सिंह को मुख्यमंत्री पद का आशीर्वाद देकर हलचल मचा दी है। उधर अनिल विज ने भी मुख्यमंत्री पद को लेकर दावा ठोका है। राव इंद्रजीत सिंह पहले ही मुख्यमंत्री को लेकर दावा जताते रहे हैं।

राजनीति के जानकार हरियाणा विधानसभा चुनाव को ओबीसी बनाम जाट वोट बैंक के नजरिये से देखते हैं। लेकिन, इस बार के विधानसभा चुनाव में कुछ बड़ा खेल होने जा रहा है। दोनों प्रमुख पार्टियों भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। लेकिन, आम आदमी पार्टी और बसपा-इनेलो गठबंधन की मौजूदगी से इनकार नहीं किया जा सकता। ये दोनों भी कुछ सीटों पर नतीजों में उलट-फेर लाने की ताकत रखते हैं।

राजनीतिक पंडित यह बता रहे हैं कि इस बार हरियाणा में चुनाव पूरी तरह बंटा हुआ। कांग्रेस जाट वोटर्स के साथ दलित, मुस्लिम और ओबीसी को साधने में लगी है। वहीं भाजपा अपने परंपरागत ओबीसी और पंजाबी वोटरों के सहारे है। लेकिन, इस चुनाव में एक और जाति समूह है जो बड़ा खेल कर सकता है। वो है ब्राह्मण। प्रदेश के ब्राह्मण पंडित रामबिलास शर्मा के अपमान के बाद उद्वेलित है। राज्य में इस जाति की आबादी ठीक ठाक है। एक अनुमान के मुताबिक राज्य में करीब 27 फीसदी जाट हैं तो ओबीसी समुदाय की आबादी करीब 42 फीसदी है। लेकिन, 12 फीसदी हिस्सेदारी के साथ कई इलाकों में ब्राह्मण वोटर्स भी काफी प्रभावी हैं।

भाजपा इस चुनाव में ओबीसी-पंजाबी-ब्राह्मण वोटर्स का एक मजबूत सोशल इंजीनियरिंग तैयार करने में जुटी है। उसने टिकट बंटवारे में इस सोशल इंजीनियरिंग को ध्यान में रखा है। 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए भाजपा ने केवल 16 सीटों पर जाट उम्मीदवार उतारे हैं जबकि उनकी आबादी करीब 27-30 फीसदी है। ये करीब 40 सीटों पर बेहद प्रभावी हैं। पार्टी ने सबसे ज्यादा ओबीसी समुदाय को टिकट दिया है। हालांकि इनकी आबादी भी अधिक है । पार्टी ने 22 सीटों से ओबीसी उम्मीदवार उतारे हैं।

फिर बारी आती है ब्राह्मण उम्मीदवारों की तो पार्टी उनको आबादी के अनुपात में अच्छी-खासी सीटें दी हैं। भाजपा ने 12 सीटों पर ब्राह्मण उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ब्राह्मण मोहनलाल बडोली की









ताजपोशी की। इतनी ही सीटों पर पंजाबी उम्मीदवार भी उतारे गए हैं। राज्य में भाजपा का टार्गेट ब्राह्मण वोटर्स हैं।

उधर अनिल विज को मैदान में उतर गए है। अनिल विज ने कहा है कि अगर राज्य में पार्टी सत्ता में आती है तो वह सीएम पद की दावेदारी करेंगे। वह पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। वह राज्य के गृह मंत्री हैं। उनके इस बयान को सीधे वोटर्स को लुभाने का तरीका बताया जा रहा है। भाजपा से पहले अनिल विज को भी बुरी तरह अपमानित कर चुकी है। लगता नहीं है कि अनिल विज ने भाजपा के नेतृत्व के कहने पर दावा ठोंका हो।

दरअसल, भाजपा पहले ही कह चुकी है कि वह मौजूदा सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रही है। रविवार को वह भाजपा से बागी भारती सैनी को मनाने के लिए नारनौल पहुंचे थे। जहां उनकी मौजूदगी में भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। आज भारती सैनी ने अपना नामांकन वापस ले लिया। सीएम के लिए वह पार्टी के चेहरा हैं। सैनी को फेस पेश करने के पीछे की राजनीति करीब 42 फीसदी ओबीसी वोटर्स हैं। लेकिन, इसके साथ ही भाजपा ब्राह्मण समुदाय को भी यह संदेश देना चाहती है कि उनके लिए रामबिलास शर्मा के बाद संभावना खत्म नहीं हुई है। यानी एक साथ वह ओबीसी और ब्राह्मण दोनों समुदायों को साधने के जुगत कर रही है। अनिल विज व रामबिलास शर्मा के अपमान के बाद लगता नहीं है ब्राह्मण व पंजाबी मतदाता भाजपा के झांसे में आ जाएंगे।

मीडिया से बातचीत में छह बार के विधायक अनिल विज ने कहा कि उन्होंने कभी भी पार्टी से कुछ नहीं मांगा। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव में भाजपा की जीत होती हो तो वह अपनी वरिष्ठता के आधार पर सीएम पद की दावेदारी करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता मुझसे मिल रही है और कह रही है कि मुझे सीएम पद की दावेदारी करनी चाहिए। यहां तक कि अंबाला में जनता ने कहा कि मैं एक सीनियर नेता हूं और मुझे राज्य के सीएम का पद संभालना चाहिए।

पंडित रामबिलास शर्मा ने अपनी अंतिम इच्छा मुख्यमंत्री की कुर्सी की चाह को दफन कर दिया पर वह अपने अपमान से उद्वेलित अवश्य हैं। उन्होंने राव इंद्रजीत सिंह के सीएम चेहरे को समर्थन देकर भाजपा को इशारा कर दिया कि अब उसकी मनमानी नहीं चलेगी।

पीएम मोदी को अब समझना होगा कि उनकी दोस्ती हरियाणा में पार्टी को कितनी भारी पड़ी है। मनोहर लाल खट्टर ने अपने 9 साल के कार्यकाल में भाजपा का प्रदेश में पूरी तरह से भट्ठा बैठा दिया। शीर्ष नेतृत्व जब तक सफलता तब तक बहुत देर हो चुकी थी। फलस्वरुप इसका खामियाजा लोकसभा चुनाव में 5 सीटे खोकर भुगतना पड़ा। इतना सब कुछ होने के बाद यह बात समझ से बाहर है कि आखिर प्रदेश में टिकट वितरण में मनोहर लाल की मनमानी कैसे चली। मनोहर लाल खट्टर की वजह से प्रदेश में भाजपा दो भागों में बंट गई है। इसका भान होते ही पीएम मोदी ने मनोहर लाल खट्टर के चेहरे को रैली से दूर रखा। लोगों का मानना है कि यह सब मोदी की रणनीति के तहत हो रहा है एक तरफ वह खट्टर को बाहर रख रहे हैं दूसरी तरफ उनको मनमानी करने की पूरी छूट दे रखी है।

# शाहाबाद में प्रेम हिंगाखेड़ी सहित पांच अन्य ने वापिस लिया नामांकन

## अब मैदान में 9 उम्मीदवार, उम्मीदवारों को आवंटित किए गए चुनाव चिन्ह

**शाहाबाद मारकंडा, चेतना संवाददाता।** कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के यहां पहुंचने और मनाने के बाद आज़ाद प्रत्याशी प्रेम हिंगाखेड़ी ने अपना नामांकन वापिस ले लिया है। प्रेम हिंगाखेड़ी कांग्रेस के पुराने कार्यकर्त्ता है और उन्होंने भी कांग्रेस में टिकट का आवेदन किया हुआ था। मगर जब कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने रामकरण काला के नाम पर मोहर लगाई, तो प्रेम हिगाखेड़ी ने आज़ाद उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दर्ज करवाया था। सोमवार सांसद दीपेंद्र हुड्डा अम्बाला से चल कर मारकंडा नेशनल कॉलेज में हेलीकॉप्टर से पहुंचे और उसके बाद प्रेम हिंगाखेड़ी के चुनावी कार्यलय में पहुंचे। सांसद दीपेंद्र हुड्डा के कहने के बाद प्रेम हिंगाखेड़ी और उनकी पुत्री जिला परिषद सदस्य पिंकी हिंगाखेड़ी भावुक हो गए और जोर-जोर से रोने लगे। इसके बाद दीपेंद्र हुड्डा के कहने पर प्रेम हिंगाखेड़ी ने अपना नामांकन वापिस लेने का फैसला लिया। इस मौके दीपेंद्र हुड्डा के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भी दिखाई दिए। सोमवार को नामांकन वापिस लेने के अंतिम दिन प्रेम हिंगाखेड़ी के अलावा आज़ाद प्रत्याशी जगमाल, राजकुमार, वर्षा, सीमा रानी और सुनीता ने भी अपना नामांकन वापिस लिया है।



**कांग्रेस को होना था नुक्सान**

उल्लेखनीय है कि प्रेम हिंगाखेड़ी पिछले करीब 10 साल से कांग्रेस प्रचार में जुटे है और उन्हें कांग्रेस के प्रबल दावेदारों के रूप में भी देखा जाता है। हाल ही में उनकी पुत्री पिंकी हिंगाखेड़ी ने जिला परिषद सदस्य चुनाव में विधायक रामकरण काला की पुत्रवधु को हराया था। प्रेम हिंगाखेड़ी के साथ कांग्रेस के हजारों कार्यकर्त्ता जुड़े हुए थे। इसलिए अगर वह चुनावी मैदान में रहते, तो निश्चित ही कांग्रेस प्रत्याशी रामकरण काला को नुक्सान होता। इसलिए दीपेंद्र हुड्डा खुद प्रेम हिंगाखेड़ी से बातचीत करने शाहाबाद पहुंचे।

**अब मैदान में 9 प्रत्याशी**

नामांकन वापिस लेने के अंतिम दिन अब मैदान में 9 प्रत्याशी है। इनमें मुख्य भाजपा से सुभाष कलसाना, कांग्रेस से रामकरण काला, आम आदमी पार्टी से आशा पठानिया, जननायक जनता पार्टी से रंजीता सिंह, इनेलो-बसपा गठबंधन से चंद्रभान और मिशन एकता पार्टी से कांता आलड़िया है। आज़ाद उम्मीदवारों को भी आज चुनाव चिन्ह दे दिए गए है, इनमें पवन कुमार को सेब, राजेश कुमार को सीसीटीवी कैमरा और शिवनाथ को कैंची का चुनावी निशान दिया गया

## प्रत्याशी ने दर्जनों गांवों में जन सम्पर्क कर सुनी समस्याएं

**शाहाबाद मारकंडा, चेतना संवाददाता।** मिशन एकता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं शाहाबाद विधानसभा प्रत्याशी कांता आलड़िया ने बताया कि इस हल्के में नशा इस कदर बढ़ चुका है कि कोई गांव, गली या मोहल्ला ऐसा नहीं है, जो नशे की चपेट में न हो। हालात यह है कि कोई एरिया ऐसा नहीं, जहां किसी महिला का पति, किसी का पिता या किसी का बेटा इस नशे का शिकार न हो। कांता आलड़िया सोमवार को हल्के के गांवों छोड़पुर, भोकर माजरा, नहर माजरा, मदूदा, राय माजरा और शहजादपुर में जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनने के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहीं थीं। कांता आलड़िया ने कहा कि मैं जिस-जिस गांव में भी जा रही हूं, मेरा मन बहुत दुखी हो रहा है। अक्सर गांव की महिलाएं रोती हैं, मुझे लिपट कर कि नशे ने उनके बच्चों का जीवन बर्बाद कर दिया है। सरकार आने के बाद किसी भी गांव में कोई भी विकास कार्य नहीं करवाए।

## विज की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर अंबाला कांग्रेस यूथ प्रधान के नेतृत्व में सैकड़ों युवा भाजपा में शामिल हुए

**चंडीगढ़, चेतना संवाददाता।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज श्री अनिल विज की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर लगातार विभिन्न दलों को छोड़ लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में आज अंबाला के सुंदर नगर से कांग्रेस के यूथ प्रधान मंगल पांडे टिंकू की अध्यक्षता में सैकड़ों युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। पूर्व मंत्री अनिल विज ने आज अंबाला के भारतीय जनता पार्टी के निकलसन रोड स्थित चुनावी कार्यालय में सभी युवाओं को पार्टी के पटके पहनाते हुए उनका पार्टी में स्वागत किया।

उन्होंने कहा युवा पार्टी की रीढ़ है और भाजपा में युवाओं के शामिल होने से पार्टी को पहले से ज्यादा मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा में हर वर्ग को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रमोद लक्की, सन्नी तुली सहित अन्य मौजूद रहे। भाजपा में कांग्रेस के यूथ प्रधान मंगल पांडे टिंकू के नेतृत्व में सैकड़ों युवा भाजपा में शामिल हुए। इनमें राजेश कुमार, संजय, सुरेश, रजनीश, सन्नी,



बॉबी, केशव, ऋषभ, देव, मनीष, आर्यन, अभिषेक, पूर्व, शुभम, देव कुमार, शरद सहित अन्य भाजपा में शामिल हुए।

केजरीवाल पर अनिल विज का तंज, ÷बहुत देर कर दी अकल आते-आते, जिस दिन केजरीवाल पर आरोप लगे थे, उन्हें तभी त्यागपत्र दे देना चाहिए था वहीं, पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा इस्तीफा देने के बयान पर हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि बहुत देर कर दी अकल आते-आते, जिस दिन उन पर आरोप लगे थे और उन्हें जेल में डाला गया था तथा कोर्ट ने भी टिप्पणी की थी, उसी दिन केजरीवाल को त्यागपत्र दे देना चाहिए था। अब क्योंकि इन्हें कंडीशनल बेल मिली है कि यह बतौर मुख्यमंत्री काम नहीं कर सकते, न ही सीएम की कुर्सी पर बैठ सकते है इसलिए यह लोगों में शहीद बनने के लिए इस प्रकार का प्रपंच कर रहे हैं।

चुनाव प्रचार के दौरान जनता का रिस्पांस मिलने के प्रश्न पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज से पहले कभी इतना रिस्पांस नहीं मिला जितना इस बार मिला है। वह जहां-जहां जा रहे है, लोग खड़े होकर उनके द्वारा करवाए गए कामों को गिनवा रहे हैं। लोगों को तो काम करने वाला चाहिए, लोगों को गुब्बारे बेचने वाला नहीं चाहिए।

# कांग्रेस प्रत्याशी बलवान सिंह को बड़ा समर्थन

## एडवोकेट परमजीत कौर ने परिवार व समर्थकों सहित ज्वाईन की कांग्रेस

**फतेहाबाद, चेतना संवाददाता।** फतेहाबाद से कांग्रेस के प्रत्याशी बलवान सिंह के समर्थन का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। जैसे जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं। फतेहाबाद के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र से रोज सैंकड़ों, हजारों की संख्या में लोग बलवान सिंह को खुला समर्थन दे रहे हैं। इसी कड़ी में फतेहाबाद के आरके कॉलोनी निवासी एडवोकेट परमजीत कौर ने अपने परिवार व सैंकड़ों समर्थकों के साथ बलवान सिंह दौलपुरिया के नेतृत्व में कांग्रेस ज्वाईन करते हुए उन्हें खुला समर्थन दिया। यहां आयोजित जलपान कार्यक्रम में पहुंचे बलवान सिंह दौलतपुरिया का एडवोकेट परमजीत कौर व उनके समर्थकों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। बलवान सिंह दौलतपुरिया ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर बलवान सिंह ने सभी को विधिवत रूप से कांग्रेस ज्वाईंन करवाते हुए



विश्वास दिलाया कि कांग्रेस में सभी को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर गुरदीप सिंह एडवोकेट, पृथ्वी सिंह, सोहन सिंह, अमरीक सिंह, रणबीर नेहरा, विजय अरोड़ा, करणदीप कम्बोज, लवदीप सिंह, सुभाष बिट्टू, सुनीता देवी, आशा, मंजू, ज्योति, मुन्नी देवी, बिमला देवी, डिम्पल, संतोष, मधु, रणजीत कौर, संतोष मदान, रेणु शर्मा ने कांग्रेस का दामन थामा। बलवान सिंह दौलतपुरिया ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस सरकार का ही है। भाजपा के नेताओं ने अपनी विदाई की तैयारियां करनी शुरू कर दी है। पूरे प्रदेश में कांग्रेस की जबरदस्त लहर है। प्रदेश पर भी लाखों की संख्या में लोग कांग्रेस को समर्थन दे रहे हैं। आज भाजपा को पूछने वाला कोई नहीं है। भाजपा केवल अपना नाम बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही जनता की सच्ची हितैषी पार्टी है। जहां महिलाओं को पूरा मान सम्मान मिलता है। इस अवसर पर परमजीत कौर एडवोकेट ने बलवान सिंह दौलतपुरिया को विश्वास दिलाया कि उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा में पहुंचाने का काम करेंगे।

## दिव्यांग केंद्र द्वारा आज लगाया जाएगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**हिसार, चेतना संवाददाता।** सेवार्थ भाव से स्वास्थ्य सरोकारों से जुड़े दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा पटेल नगर स्थित रविदास धर्मशाला में संचालित सेवा भारती सिलाई केंद्र में 17 सितंबर को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में स्थानीय निवासियों के साथ-साथ निकटवर्ती क्षेत्रों के लोग भी लाभ उठा पाएंगे। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी फ्री दी जाएंगी। यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जारी रहेगा। दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र द्वारा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उनके स्वास्थ्य की जांच के लिए अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत इस शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक नेत्र, दांत व सामान्य रोग की जांच करेंगे।

## एलपीएस बोसार्ड का शैक्षणिक भ्रमण




**रोहतक, चेतना संवाददाता।** एमडीयू के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च के एमबीए के विद्यार्थियों के दल ने इंडस्ट्रियल विजिट प्रोग्राम के तहत एलपीएस बोसार्ड कंपनी का दौरा किया। इमसॉर निदेशक प्रो सत्यवान बरोदा तथा सीसीपीसी निदेशिका प्रो दिव्या मल्हान ने करियर प्रगति में इंडस्ट्रियल टूर को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को इंडस्ट्री का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। सीसीपीसी उप निदेशक डॉ अमन वशिष्ठ तथा डॉ सौरभ कांत ने इस इंडस्ट्रियल विजिट प्रोग्राम का समन्वयन किया। प्राध्यापक डॉ सपना तथा डॉ ईश्वर मित्तल की अगुवाई में विद्यार्थियों के दल ने एलपीएस बोसार्ड की विजिट की।

एलपीएस बोसार्ड की एच.आर. हेड नेहा मेहंदीरत्ता ने विद्यार्थियों के दल का स्वागत किया और कंपनी की विकास यात्रा बारे जानकारी दी। उन्होंने कंपनी की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उसकी रूपरेखा से अवगत करवाया। इंजीनियरिंग विभाग के हेड अनिरुद्ध ने कंपनी प्रोडक्शन के व्यावहारिक पहलुओं तथा कंपनी की कार्यप्रणाली बारे जानकारी दी।

## संक्षिप्त मुख्य खबरें......

### छात्राओं ने जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय एवं धरोहर का किया शैक्षणिक भ्रमण

**शाहाबाद मारकंडा,चेतना संवाददाता।** आर्य कन्या महाविद्यालय के पंजाबी विभाग द्वारा जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय एवं धरोहर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। पंजाबी विभागाध्यक्ष डॉ. सिमरजीत कौर के मार्गदर्शन में विभिन्न कक्षाओं की 36 छात्राओं ने पुस्तकालय एवं धरोहर का भ्रमण किया। इस भ्रमण के आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में साहित्यिक रुचियों को बढ़ावा देना, प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में पुस्तकालय के महत्व की जानकारी देना एवं हरियाणा की संस्कृति से अवगत करवाना था। छात्राओं ने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न साहित्यकारों की प्रसिद्ध पुस्तकों को देखा एवं पढ़ा, पुस्तकालय के नियमों को जाना व पुस्तकालय के विभिन्न सेक्शन का भ्रमण किया। यात्रा के अगले पड़ाव धरोहर में पहुंचकर छात्राओं ने हरियाणा की संस्कृति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की, हरियाणा के लोगों के दैनिक जीवन से संबंधित विभिन्न पुरातन वस्तुओं को प्रत्यक्ष देखा व चित्रों के माध्यम से भी अनुभव ग्रहण किया। धरोहर के स्टाफ ने छात्राओं को संबोधित करते हुए विभिन्न कलाकृतियों से संबंधित ऐतिहासिक तथ्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छात्राओं ने इन कलाकृतियों को बड़े ध्यानपूर्वक देखा । छात्राओं के लिए पंजाबी एवं हरियाणवी संस्कृति के सांझे तत्वों एवं विभिन्नताओं की जानकारी प्राप्त करना इस भ्रमण की विशेष उपलब्धि रही।



### सनातन धर्म हमें जोड़ना सिखाता है: सिद्धार्थ औलिया

**कुरुक्षेत्र, चेतना संवाददाता।** समर्थगुरु और ओशोधारा मैत्री संघ हिमाचल के संयोजक आचार्य डा.सुरेश मिश्रा ने ओशोधारा संस्थान मुरथल के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा रचित सन्तमत धारा श्रद्धालुओं को भेंट की। आचार्य डा. सुरेश मिश्रा ने अपने समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा ओशोधारा नानक धाम, मुरथल में आयोजित ध्यान योग और प्रज्ञा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म हमें जोड़ना सिखाता है। भगवान शिव सनातन धर्म के मुख्य प्रवर्तक है। भगवान राम, भगवान श्री कृष्ण, भगवान बुद्ध, परम गुरु ओशो और सभी संतो ने सन्तान धर्म को आगे बढ़ाया है। ओशोधारा के भागीरथ समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया उसी सनातन धर्म को आगे कर्म योग, ज्ञान योग, भक्ति योग के विभिन्न 72 कार्यक्रम द्वारा योग, समाधि और प्रज्ञा कार्यक्रम द्वारा बढ़ा रहे है।



### मंडल पदाधिकारियों ने सविता को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र, चेतना संवाददाता।** गणेश उत्सव मंडल द्वारा शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक व धार्मिक कार्यों में भाग लेने वाली समाजसेविका सविता मदान को सम्मानित किया गया। मंडल के पदाधिकारियों ने पंडाल में गणेशजी के भजनों पर सभी को नाचने के लिए व धूम मचाने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर शंकर वर्मा, सुधीर गर्ग, प्रवेश सिंगला, काला आहुजा, संजय, अवशीष शर्मा, मदन लाल, संगीता सिंगला, नीरू शर्मा, साक्षी शर्मा, स्वाति आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



### फतेहाबाद व टोहाना विधानसभा के लिए जगदीशा केजी आईएएस को नियुक्त किया सामान्य पर्यवेक्षक

**फतेहाबाद, चेतना संवाददाता।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनदीप कौर ने बताया कि जिला में विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र 39-टोहाना व 40-फतेहाबाद के लिए जगदीशा केजी आईएएस को सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इससे पहले अभिषेक देव आईएएस को टोहाना व फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र का सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सामान्य पर्यवेक्षक जगदीशा केजी आईएएस का कार्यालय भूना मोड स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में बनाया गया है।

## जीजेयू की एनएसएस इकाई ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**हिसार, चेतना संवाददाता।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सौजन्य से गांव आर्य नगर में %मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट करें% रैली निकाली गई। कुलपति प्रो.नरसी राम बिश्नोई ने अपने संदेश में स्वयंसेवकों को %मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट% के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। उन्होंने अपील की कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एनएसएस समन्वयक डॉ अंजू गुप्ता ने कहा कि लोकतांत्रिक सरकार लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करती है। इस दौरान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसमें लगभग 100 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव के लोगों को %नुक्कड़ नाटक% के माध्यम से वोट देने के लिए जागरूक किया। इस दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनीता, डॉ सुनीता रानी, डॉ विकास जांगड़ा, डॉ कल्पना व दलबीर आदि मौजूद रहे।

# विधायक नहीं था तब भी गोरखपुर में बनवाए माइनर : दुड़ाराम

## युवाओं ने बाइक-ट्रैक्टर रैली, बुजुर्गों ने फूल मालाओं से स्वागत कर लड्डूओं से तोला

**फतेहाबाद, चेतना संवाददाता।** ग्रामीण जनसंपर्क अभियान के दूसरे दिन का आगाज भाजपा प्रत्याशी दुड़ाराम ने गांव गोरखपुर स्थित महायोगी गुरु गोरखनाथ के प्राचीन धूणा पर माथा टेकर किया। सोमवार को दुड़ाराम ने गोरखपुर, दहमान, नहला, बैजलपुर, ढाणी गोपाल, खासा पठाना, सिंथला, मौची, चौबारा, ढाणी माजरा, बिसला, माजरा व बरसीन गांवों में सभा कर ग्रामीणों से भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील की। इस दौरान गांवों में युवाओं ने बाइक-ट्रैक्टर रैली से भव्य स्वागत किया तथा बुजुर्गों ने अपने बेटे-भाई का फूल मालाओं से स्वागत किया। कई जगह दुड़ाराम को लड्डूओं से तोला गया। विभिन्न कार्यक्रमों में अनेक लोगों ने अन्य पार्टी छोड़ भारतीय जनता पार्टी में आस्था जताई।

गांव गोरखपुर में दुड़ाराम ने कहा कि फतेहाबाद विधानसभा के



एक-एक परिवार से उनका राजनीतिक नहीं बल्कि पारिवारिक रिश्ता है, उन्होंने कहा कि चौधरी भजनलाल के समय में जब वह विधायक नहीं थे तब भी गोरखपुर में दो-दो माइनर का निर्माण करवाया था, इसके अलावा भी इतने सालों की राजनीति में उन्होने इलाके के विभिन्न गांवों में अनेक विकास कार्य करवाए हैं। गांव दहमान में दुड़ाराम ने कहा कि करोड़ों की लागत से गांव में निकासी लाइन डाली गई जिससे अब बरसात के समय गांव में जलभराव नहीं होता। दुड़ाराम ने कहा कि पिछले 5 साल में हलके के हर गांव में लाखों-करोड़ों के विकास कार्य हुए हैं, उन्होंने कहा कि गांव ढाणी गोपाल में अमृत सरोवर योजना के तहत गांव के तालाब को पर्यटन स्थल के तौर विकसित किया गया है जिससे गांव को राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि गांवों में गलियां, ढाणियों के रास्ते, पीने के पानी, सडकें सहित हर क्षेत्र में विकास हुआ है इसलिए हलके की जनता विकास की इस गति को और तेज करने के लिए भाजपा को वोट देकर प्रदेश में तीसरी बार कमल खिलाने का काम करें। दुड़ाराम ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को मेरिट पर नौकरी देने का काम किया है जिससे हर गांव के युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी मिली है। ग्रामीण जनसंपर्क अभियान के दौरान मंडल अध्यक्ष सुभाष सिवाच, सुमित गोदारा, सरपंच मैनपाल, मदन यादव, मनदीप योगी, सीताराम पूनिया, हेमंत बैजलपुरिया मांगे राम, जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खिचड़, जगदीश शर्मा, ब्लॉक समिति फतेहाबाद प्रधान प्रतिनिधि अजय बरसीन, कृष्ण बड़ोपलिया सहित विभिन्न गांवों के पंच, सरपंच, ब्लॉक समिति एवं जिला पार्षद सदस्य, गांवों के गणमान्य व्यक्ति, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक स्थायी विश्व के लिए इंजीनियरिंग समाधान थीम पर इंजीनियर्स दिवस का आयोजन

**बहल, चेतना संवाददाता।** बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बहल में इंजीनियर्स दिवस पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस वर्ष का आयोजन ÷एक स्थायी विश्व के लिए इंजीनियरिंग समाधान÷ थीम पर आधारित था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स), पिलानी के कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रतीक नारंग रहे। विशेष अतिथि के रूप में बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस. के. सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर तकनीकी प्रदर्शनी



प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई जिनमें 96 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 35 प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी की गई । मुख्य अतिथि डॉ. प्रतीक नारंग ने इस थीम के महत्व को समझाते हुए कहा कि वर्तमान में सतत विकास के लिए तकनीकी समाधान अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने अपने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एक स्थाई विश्व के लिए इंजीनियरिंग के विभिन्न पहलुओं और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को न केवल तकनीकी ज्ञान में महारत हासिल करने के लिए प्रेरित किया, बल्कि संचार कौशल, सॉफ्ट स्किल्स और प्रतियोगी क्षमताओं में भी सुधार करने की आवश्यकता पर बल दिया।



डॉ. एस. के. सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि इंजीनियर्स दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर इंजीनियरों को प्रोत्साहित करना है ताकि वे अपनी तकनीकी क्षमताओं का उपयोग करके एक स्थायी और समृद्ध भविष्य के निर्माण में योगदान दे सकें। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुज शर्मा ने कहा कि हर साल 15 सितंबर को इंजीनियर्स दिवस के रूप में मनाना महान अभियंता और भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के प्रति सम्मान और उनकी देश के प्रति सेवाओं की सराहना का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में स्वर्गीय योगिता खरब की स्मृति में उनके अभिभावकों द्वारा सीएसई प्रथम वर्ष की टॉपर छात्रा राजलक्ष्मी को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तकनीकी प्रदर्शनी प्रतियोगिता में भारत प्रशाद शाह , धीरेन्द्र कुमार यादव, मजबुल मंसूरी का बायो गैस प्लांट पर प्रोजेक्ट प्रथम बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल के छात्र नितिन और प्रीतम का ड्रोन प्रोजेक्ट द्वितीय नंबर पर रहा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार, प्रोफेसर सीएसई, ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ एस के सिन्हा , प्राचार्य डॉ. अनुज शर्मा, ला कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुनील शुक्ला, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. जितेंद्र गौड़, रजिस्ट्रार पवन पंघाल और अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।



सिरसा ब्यूरो चीफ रणबीर खटक के पुत्र विकास चौधरी को परिवार की तरफ से जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# पीठासीन और वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

## निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव में अपना योगदान दे पीओ और एपीओ : जिप सीईओ सुरेश कुमार

**फतेहाबाद, चेतना संवाददाता।** आगामी पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत सोमवार को स्थानीय डीपीआरसी भवन में पीठासीन और वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ) को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़े उनके सवालों का जवाब दिया गया और पूर्ण निष्ठा से चुनाव संपन्न कराने की अपील की गई। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी पीओ और एपीओ से अपील की कि वे निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव करवाने के लिए अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से कार्य कुशलता में दक्षता आती है। इसलिए अपना सही से प्रशिक्षण प्राप्त करे ताकि मतदान करवाने में किसी की प्रकार की कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि पीओ को मतदान से एक दिन पूर्व यानि चार अक्टूबर को पोलिंग पार्टी के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचना जरूरी है। उन्हें वीवीपैट को ले जाते समय उसे ट्रासपोर्ट मोड में रखना होगा। मतदान केंद्र पर पहुंच कर वहां अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, पर्याप्त रोशनी आदि व्यवस्था को सुनिश्चित करना होगा। वोटिंग कंपार्टमेंट इस ढंग से बनाया जाये कि वह खिडक़ी के पास न हो, वीवीपैट पर बल्ब आदि की सीधी रोशनी न पड़े। पोलिंग एजेंट के बैठने की व्यवस्था इस ढंग से हो



कि मतदान की गोपनीयता पर असर न पड़े। उन्होंने कहा कि मतदाता की उंगली पर अमिट स्याही से निशान लगाया जाये। हाथ न होने पर कोहनी या पैर की अंगुली पर स्याही लगाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी अथवा उसके चुनाव एजेंट की तरफ से नियुक्त पोलिंग एजेंट उस हलके का मतदाता होना जरूरी है। पीओ की यह जिम्मेदारी है कि एजेंट के नियुक्ति पत्र (फार्म नंबर 10) पर किये गये दस्तखत का सूची में प्रत्याशी के हस्ताक्षर से मिलान करे। विधायक, सांसद, मंत्री, सरकारी कर्मचारी, पैरा मेडिकल व स्वास्थ्य अधिकारी, आंगनबाड़ी वर्कर पोलिंग एजेंट नहीं बन सकते। पंच-सरपंच अथवा पार्षदों पर ऐसी मनाही नहीं है, वे एजेंट बन सकते हैं। पोलिंग एजेंट चाहे तो विभिन्न फार्मों अथवा दस्तावेजों पर अपनी मुहर लगा सकता है। उसे प्रवेश पास देने की जिम्मेदारी पीओ की है। एजेंट मतदान के दौरान कक्ष से बाहर जा सकता है, ऐसे में प्रवेश पास रिलीवर को देना होगा। नोडल अधिकारी सुरेश कुमार ने कहा कि यदि मॉक पोल प्रक्रिया नहीं की गई तो माना जायेगा कि चुनाव ही नहीं हुआ। मतदान आरंभ होने से पहले पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में मॉक पोल प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। यदि पोलिंग एजेंट समय पर न पहुंचे तो सुपरवाइजर अथवा सेक्टर अधिकारी को सूचित करें। वे भी समय पर न पहुंचे तो 15 मिनट इंतजार के बाद मॉक पोल प्रक्रिया आरंभ की जाये।

# लाडवा विधानसभा से अब 16 प्रत्याशी लड़ेंगे चुनाव

## 5 प्रत्याशियों ने वापिस लिया अपना नामांकन

**लाडवा, चेतना संवाददाता।** विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए लाडवा विधानसभा क्षेत्र से 5 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापिस लिए है।

निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम नसीब कुमार ने कहा कि सोमवार को निर्धारित समय तक चली प्रक्रिया में लाडवा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लडऩे वाले सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आंवटित कर दिए गए है। यह सारी प्रक्रिया चुनाव मैदान में खड़े प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में की गई। बकायदा इस सारी गतिविधि की वीडियोग्राफी भी करवाई गई है। उन्होंने सभी प्रत्याशियों व प्रत्याशियों के चुनावी एजेंटों से अपील करते हुए कहा कि वे भारत चुनाव आयोग द्वारा जारी आदर्श चुनाव आचार संहिता की ईमानदारी के साथ पालना करना सुनिश्चित करेंगे ताकि चुनावों को



निष्पक्ष रुप से संपन्न करवाया जा सके। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम लाडवा नसीब कुमार ने कहा कि नामांकन कक्ष में सोमवार को आजाद उम्मीदवार जसविंद्र सिंह, आजाद उम्मीदवार रजनीश, आजाद उम्मीदवार राजकुमार पुत्र कुड़ा राम, आजाद उम्मीदवार कुलदीप सिंह, आजाद उम्मीदवार सुखविंद्र सिंह ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है तथा 3 प्रत्याशियों के नामांकन पहले ही रद्द हो चुके है। अब लाडवा विधानसभा में 16 प्रत्याशी चुनावी मैदान में रह गए हैं। चुनाव आयोग की हिदायतानुसार इन सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए गए है, जिनमें जननायक जनता पार्टी के विनोद कुमार शर्मा को चाबी, आम आदमी पार्टी के जोगा सिंह झाड़ू, भारतीय जनता पार्टी के नायब सिंह को कमल का फूल, कांग्रेस के मेवा सिंह को हाथ, इनेलो की सपना बड़शामी को चश्मा, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया के मान सिंह को फलों से युक्त टोकरी का चिन्ह प्रदान किया।

## विद्यार्थियों को दी लाइफ स्किल्स की जानकारी




**रोहतक, चेतना संवाददाता।** स्थानीय गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में डेवलपमेंट ऑफ सॉफ्ट स्किल्स एंड एम्प्लॉयबिलिटी एनहांसमेंट विषयक साप्ताहिक कार्यशाला प्रारंभ हुई। बतौर मुख्यातिथि इमसॉर (एमडीयू) से प्रो. दिव्या मल्हान ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीआर कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुनीता आर्या एवं डॉ संदीप जुनेजा (एसोसिएट ट्रेनर,महिंद्रा प्राइड क्लासरूम) मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ महाश्वेता ने की। प्रो. दिव्या मल्हान ने हार्ड स्किल्स और सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने व्यक्तित्व को निखार कर ही हम तेज गति से बदल रहे समाज के साथ चल सकते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में स्वयं को प्रस्तुत करने का हुनर विकसित करना ही आज के समय की मांग है।

## किरपा राम व कुलदीप बैनीवाल समर्थकों सहित इनेलो में शामिल

**फतेहाबाद, चेतना संवाददाता।** फतेहाबाद विधानसभा से इनेलो प्रत्याशी सुनैना चौटाला को आए दिन लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है। सुनैना चौटाला के बढ़ते ग्राफ ने विपक्षी उम्मीदवार भी घबराए हुए हैं। इसी कड़ी में फतेहाबाद के गांव मोहम्दमपुर रोही में इनेलो प्रत्याशी को उस समय मजबूती मिली जब गांव के प्रमुख नेता किरपा राम बैनीवाल एवं कुलदीप बैनीवाल अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी को छोडकर इनेलो परिवार में शामिल हो गए। पार्टी के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने किरपा राम बैनीवाल व कुलदीप बैनीवाल को पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया और पूरा मान-सम्मान देने



की बात कही। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो ने सदा आम लोगों के हितों की आवाज को उठाने का काम किया है। यही कारण है कि आज आम जनमानस इनेलो से जुड़ रहा है। यह उनके संघर्ष, समर्पण और विचारधारा की जीत है। अभय चौटाला ने कहा कि उनका उद्देश्य जनता की भलाई और उनके हकों के लिए संघर्ष करना है। जननायक चौ. देवीलाल की नीतियों पर चलते हुए इनेलो ने हमेशा किसान, युवा, कर्मचारी हर वर्ग की आवाज को उठाने का काम किया है। इनेलो में शामिल हुए किरपाराम बैनीवाल ने कहा कि अभय सिंह चौटाला आज आम लोगों की आवाज बने हुए हैं। इनेलो की नीतियों से प्रभावित होकर ही उन्होंने इनेलो में शामिल होने का निर्णय लिया है।

## श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार बने डॉ. कृष्ण कुमार जाटियान

**कुरुक्षेत्र, चेतना संवाददाता।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कुलसचिव डॉ. नरेश कुमार भार्गव का तीन साल का कार्यकाल खत्म होने के बाद आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के शल्य तंत्र विभाग के सहायक प्रो. डॉ. कृष्ण कुमार जाटियान को रजिस्ट्रार नियुक्ति किया है। उनकी नियुक्ति सरकार के आगामी आदेशों तक की गई है। सोमवार को डॉ. कृष्ण कुमार जाटियान ने विधिवत रूप से रजिस्ट्रार का पद ग्रहण किया और उन्होंने इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए कुलपति का आभार प्रकट किया ।

### संक्षिप्त मुख्य खबरें......

## किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारें में किया जागरूक

**लाडवा, चेतना संवाददाता।** गांव ध्यांग्ला व गुढ़ा खंड लाडवा में सोमवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता अभियान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ अमित कंबोज खंड कृषि अधिकारी लाडवा व राकेश सहारण कृषि विकास अधिकारी गुढ़ा ने फसल अवशेष प्रबंधन अभियान के अंतर्गत पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक किया। राकेश सहारण ने किसानों को विभाग द्वारा चलाई गई स्कीम के बारे में जानकारी दी । सहारण ने कहा कि कंबाइन से धान की कटाई के बाद बचे अवशेषों में आग लगाने से पर्यावरण दूषित होता है ।खेतों में लगाई जाने वाली आग से हमारे मित्र कीट भी जलकर नष्ट हो जाते हैं।साथ ही जमीन की उर्वरा शक्ति घट जाती है। बैलेर मशीन के इस्तेमाल से अवशेषों को एकत्रित करके बिक्री कर सकते हैं ।जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। सूखे चारे की कमी के अभाव को पूरा करने में मदद मिल सकती है। इस मौके पर पशुपालन विभाग से डॉ प्रदीप ने मुंह खुर व गलघोटू के टीकाकरण पर बल दिया। बागवानी विभाग से मनीष कुमार ने बाग व सब्जियों में लगने वाली विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर गुढा व गजलाना के 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

## सिरसा पुलिस की चौकसी के चलते 2 लाख 19 हजार रुपए की नगदी जब्त

**सिरसा, चेतना संवाददाता।** सिरसा पुलिस की ओर से विधान चुनाव के मध्य नजर चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान बीती रात बरनाला रोड स्थित बाईपास पुल के पास कार सवार एक युवक से ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में 2 लाख 19 हजार रुपए की नगदी जब्त कर संबंधित विभाग को आगामी कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि शहर के बरनाला रोड स्थित बाईपास पुल के नीचे जिला की सीआईए सिरसा पुलिस की टीम आने जाने वाले वाहनों को चेक कर रही थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान एक गाड़ी में सवार युवक खैरेकां की ओर से आया, तथा उसे सिरसा शहर में आना था। गाड़ी में सवार युवक की पहचान अंकुर पुत्र मदनलाल निवासी पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जब शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त गाड़ी सवार युवक की तलाशी ली तो, उसके कब्जे से गाड़ी में छुपाई गई 2 लाख 19 हजार रुपए की नगदी बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि जब उक्त नगद राशि के बारे में पुलिस पार्टी ने पूछताछ की तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उक्त राशि को चुनाव आचार संहिता के चलते जब्त कर संबंधित विभाग को सूचित कर दिया गया है ।

# प्रलोभन देकर जनता को ठगने की कोशिश में है कांग्रेस और भाजपा के नेता : अजय चौटाला

**फतेहाबाद, चेतना संवाददाता।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों को नकार चुकी है और 5 अक्टूबर को मतदान के दिन इन दोनों दलों को सबक सिखाने का काम करेगी। जेजेपी ने उधार के नेताओं की बजाय अपने समर्पित कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में उतारा है और सभी उम्मीदवार जनता की कसौटी पर खरा उतरने का काम करेंगे। उन्होंने टोहाना में जेजेपी और एएसपी गठबंधन के प्रत्याशी हवा सिंह खोबड़ा के चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया और कार्यकर्ताओं



को संबोधित करते हुए उनमें जोश भरने का काम किया। टोहाना पहुंचे अजय सिंह चौटाला का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजय सिंह चौटाला ने कहा कि आज कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों के नेता बौखला चुके हैं और तरह-तरह के प्रलोभन देकर जनता को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। जिन नेताओं ने पूर्व के अपने कार्यकाल में जनता की कोई सुध नहीं ली और उनकी जमीनें हथियाने का काम किया, आज वो नेता कुर्सी के लालच में तरह-तरह की घोषणाएं कर लोगों के वोट हथियाने के प्रयास कर रहे हैं लेकिन प्रदेश की जनता उनकी सरकार के जनविरोधी फैसलों को अभी तक भूली नहीं है और आने वाले चुनावों में वोट की ताकत से उन्हें सबक सिखाने का काम करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर सरकार में रहते जेजेपी द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी देने और पार्टी की नीतियों का प्रचार करने की अपील की। पार्टी उम्मीदवार हवा सिंह खोबड़ा ने कहा कि जेजेपी आज जनता की पहली पसंद बनी

## पशु कल्याण और नशामुक्ति विषयक विशेष कार्यक्रम आयोजित

**कुरुक्षेत्र, चेतना संवाददाता।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में विशेषज्ञ वार्ता- पशु कल्याण और नशामुक्ति विषयक विशेष कार्यक्रम किया गया। इस आयोजन में दो प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. दीक्षित गर्ग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. दीक्षित गर्ग के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने छात्रों को व्यक्तित्व विकास, मानव मूल्यों, और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। प्रो. दीक्षित गर्ग के साथ अन्य प्रतिष्ठित प्रोफेसर



धीरेज कुमार शर्मा, थान सिंह सैनी, लव कुमार, श्वेता राठी, और विजय वर्मा भी मौजूद रहे, जिन्होंने छात्रों को इस आयोजन के महत्व के बारे में प्रोत्साहित किया। इसके बाद, पशु कल्याण कार्यकर्ता अरविंद ने अपने व्याख्यान और प्रस्तुति के माध्यम से पशु कल्याण और सक्रियता पर गहन जानकारी दी। उन्होंने पशु अधिकारों और संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों से आग्रह किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद महिला शाखा की राष्ट्रीयध्यक्षा बनी सत्यभामा मिश्रा

**कुरुक्षेत्र, चेतना संवाददाता।** आकाशवाणी इलाहाबाद में वार्ताकार, ग्रामीण उत्थान समिति की राष्ट्रीयाध्यक्षा एवं प्रसिद्ध कवियत्री सत्यभामा मिश्रा पत्नी सुरेन्द्र प्रसाद मिश्रा निवासी जिला प्रयागराज को अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद (रजि.) महिला शाखा की राष्ट्रीयध्यक्षा मनोनीत किया गया है। यह निर्णय अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद (रजि.) की एल्डर कमेटी की बैठक में चेयरमैन देवेश मिश्रा की संतुष्टि पर सर्वसम्मति से लिया गया है। इस बैठक में एल्डर कमेटी के चेयरमैन देवेश मिश्रा, एल्डर कमेटी के सदस्य एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल, सुभाष चंद्र मिश्रा, ट्विंकल, उत्सव मिश्रा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में चेयरमैन देवेश मिश्रा ने बताया कि एमएसडब्ल्यू पास सत्यभामा मिश्रा को राष्ट्रीय सहारा, आज चौथी दुनिया, पंजाब केसरी, क्राइम आफ नेशन की सह संपादक के रूप में 12 वर्ष पत्रकारिता और राजनीति का भी अनुभव है।



## इंडक्शन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दी आंखों की देखभाल और संवाद कौशल विकसित करने की जानकारी

**हिसार, चेतना संवाददाता।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि के बीटेक के नए विद्यार्थियों के लिए जारी स्टूडेंट्स इंडक्शन कार्यक्रम में सोमवार को विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों के प्रति जागरूक किया। डॉ. सरगम छाबड़ा ने डिजिटल स्ट्रेस ऑन आइज विषय पर व्याख्यान देते हुए डिजिटल युग में आंखों पर बढ़ते दबाव के कारण और निवारण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक स्क्रीन के सामने रहने से आंखों में थकान, सिरदर्द और दृष्टि समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आंखों की नियमित जांच कराने, उचित प्रकाश व्यवस्था में पढ़ने और स्क्रीन टाइम को सीमित



करने की सलाह दी।

डॉ. सोनिया ने प्रोफेशनल एटिकेट्स - बिल्डिंग ए पॉजिटिव एंड लास्टिंग इम्प्रेशन विषय पर विचार साझा करते हुए कहा कि पेशेवर जीवन में सकारात्मक और स्थायी प्रभाव बनाने के लिए व्यवहार और एटिकेट्स महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि पेशेवर जीवन में सफलता के लिए अच्छे संवाद कौशल, समय प्रबंधन और टीमवर्क की आवश्यकता होती है। प्रो. अंजन कुमार बराल ने हैप्पीनेस पर बोलते हुए कहा कि खुशी एक मानसिक अवस्था है, जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। कार्यक्रम के उप समन्वयक डॉ. संजीव माथुर भी मौजूद रहे।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सतलुज स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**शाहाबाद मारकंडा, चेतना संवाददाता।** सतलुज स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों पीयूष, हरमनजीत कौर व हर्षप्रीत कौर ने हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रोद्योगिकी परिषद हरियाणा की और से आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र के पी.एम.श्री. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, देवीदास पुरा में आयोजित की गइ।

## स्लोगन लेखन में वंशिका प्रथम व पोस्टर मेकिंग में अनिल ने मारी बाजी

**कुरुक्षेत्र, चेतना संवाददाता।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की आईआईएचएस की कार्यवाहक प्राचार्या व बायो केमिस्ट्री विभाग की अध्यक्षा प्रो. अनिता दुआ ने कहा कि जीवन के लिए आक्सीजन से ज्यादा जरूरी ओजोन है। 16 सितंबर को पूरी दुनिया में विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है। मुख्यतया इस दिवस का आयोजन करने की वजह ओजोन परत के बारे में लोगों को जागरूक करने के साथ ही इसे बचाने के समाधान की ओर ध्यान एकत्रित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। वे सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ इंटीग्रेटिड एंड आनर्स स्टडीज (आईआईएचएस) के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विश्व ओजोन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बोल रही थी। संयोजक समिति के अध्यक्ष प्रो. अनिल गुप्ता ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. अनिता दुआ व विशेष अतिथि डॉ. सोमवीर जाखड़ का स्वागत किया। कार्यक्रम की सह-संयोजिका डॉ. ज्योति चौहान ने मुख्य परिचय प्रस्तुत किया। डॉ. सोमवीर जाखड़ ने अपने वक्तव्य में ओजोन दिवस की महत्ता का वर्णन करते हुए सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर स्लोगन लेखन तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में विशेष व्याख्यान आयोजित।

# मीडिया अध्ययन के विद्यार्थी करें लोकतांत्रिक जागरुकता लाने का कार्यः डॉ विक्रम कौशिक

**रोहतक, चेतना संवाददाता।** समाज-राष्ट्र में लोकतांत्रिक तथा संवैधानिक मूल्यों को प्रचारित-प्रसारित करना प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है। मीडिया अध्ययन के विद्यार्थियों को लोकतंत्र का ध्वज वाहक बन न केवल लोकतांत्रिक जागरूकता लाने का कार्य करना चाहिए, साथ ही चुनाव में मतदान अवश्य करना चाहिए। एमडीयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में जागरूकता कार्यक्रम में ये उद्गार प्रतिष्ठित मीडिया विशेषज्ञ तथा गुरू जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, हिसार के जनसंचार विभाग के प्रोफेसर डॉ विक्रम



कौशिक ने व्यक्त किए।

स्वीप अभियान के तहत आयोजित इस विशेष व्याख्यान को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए प्रो विक्रम कौशिक ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को भारतीय संविधान अवश्य पढना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवैधानिक मूल्यों का अहम महत्व है। मतदान करना हमारा संवैधानिक कर्तव्य है।

विभागाध्यक्ष प्रो हरीश कुमार ने कहा कि भारत विश्व का प्रतिष्ठित लोकतंत्र है। भारत में शासन व्यवस्था लोकतांत्रिक प्रणाली आधारित है। चुनाव लोकतंत्र का आधार स्तंभ है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। आभार प्रदर्शन करते हुए सहायक प्रोफेसर डॉ नवीन कुमार ने कहा कि मताधिकार का प्रयोग न केवल हमारा संवैधानिक अधिकार है, बल्कि हमारा नागरिक कर्तव्य भी है। जागरूकता कार्यक्रम का संयोजन समन्वयन मदवि स्वीप नोडल अधिकारी एवं प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने किया। सुनित मुखर्जी ने कहा कि 15 सितंबर को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की सार्थकता इस बात में होगी कि प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करें।

## नशा मुक्ति पर विस्तार व्याख्यान आयोजित



**रोहतक, चेतना संवाददाता।** स्थानीय लाल नाथ हिंदू कॉलेज की यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा नशा मुक्ति विषय पर एक विस्तार व्याख्यान एवं सर्वे का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अनिल कुमार तनेजा ने की। बतौर मुख्य वक्ता, पीजीआईएमएस से डॉ नरेंद्र भुक्कल ने वॉलंटियर्स को बताया कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो व्यक्ति को सामाजिक, शारीरिक तथा मानसिक रूप से क्षीण कर देती है। उन्होंने उपस्थित युवा वर्ग को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई। चयनित दस वॉलंटियर्स ने नशा मुक्ति पर सर्वे किया, जिसका उद्देश्य मादक द्रव्यों के उपयोग की समस्या की गंभीरता का आकलन करना रहा। वाईआरसी कोऑर्डिनेटर डॉ शालू जुनेजा ने स्वागत संबोधन किया। डॉ राजेश ने आभार व्यक्त किया।

## यूथ रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर में राजकीय महाविद्यालय नारनौल को मिला सर्वश्रेष्ठ टीम का खिताब

**कुरुक्षेत्र, चेतना संवाददाता।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर गीता ज्ञान संस्थानम में भारतीय रैडक्रास समिति, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन समारोह मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश अग्रवाल, राज्य महासचिव, भारतीय रैडक्रास सोसाइटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ के द्वारा किया गया। समापन कार्यक्रम में डॉ सुनील कुमार, सचिव, जिला रैडक्रास शाखा, कुरूक्षेत्र द्वारा बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की गई। मुख्य अतिथि डा. मुकेश अग्रवाल ने कहा कि रैडक्रॉस विश्व का सबसे बड़ा सेवाभावी संगठन है। भारतीय संस्कृति के अनेक ऐसे सूत्र हैं जो मानव को मानव की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य बन कर रेड क्रॉस के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। यूथ रैडक्रास संगठन से जुड़कर मानव कल्याण करने के लिए प्रेरित हों। मानव कल्याण, श्रद्धा, विश्वास, बुजुर्गों की सेवा के आदर्शों को अपने जीवन में लागू करें। रैडक्रास संगठन का मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता जैसे सिद्धांतों में विश्वास है। मुझे प्रसन्नता है कि रेड क्रॉस हरियाणा ने सेवा और अन्य दूसरे सामाजिक कार्यों में पूरे भारत में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। जरूरतमंदों की सेवा हो, रक्तदान हो, सभी में रेडक्रॉस हरियाणा अपनी एक अलग पहचान रखता है।

# कांग्रेस के झूठे वादों बनाम भाजपा के सच्चे विकास का चुनाव : मुख्यमंत्री सैनी

## पुण्डरी में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में हुई जनआशीर्वाद रैली में उमड़ा जनसैलाब

**कैथल, चेतना संवाददाता।** पुण्डरी में भाजपा प्रत्याशी सतपाल जाम्बा के समर्थन में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में लोगों को यहां देखकर उत्साहित हूं और दावे के साथ कह सकता हूं कि 2019 की तरह पूंडरी से इस बार भी भाजपा को एतिहासिक जीत मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, विशेष चुनाव है। यह चुनाव हरियाणा का इतिहास लिखने वाला है, यह कांग्रेस के झूठे वादों और भाजपा के सच्चे विकास का चुनाव है। उन्होंने कहा कि जनता को झूठे वादे करने वालों से सावधान रहना जरूरी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने झूठे वादे करके तीन राज्यों में सरकार बनाई, अब वहां की जनता भुगत रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि



कांग्रेस नेता 10 साल के शासन का हिसाब मांगते फिर रहे हैं, लेकिन जब उनसे सवाल पूछे जाते हैं, तो उनके पास कोई जवाब नहीं होता। मुख्यमंत्री ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर सीधा हमला करते हुए कहा, मैंने हुड्डा से पूछा कि आपके 10 साल के कार्यकाल में कितने किसानों की फसल एमएसपी पर खरीदी गई? किसानों को 2-2 रुपये के चेक क्यों दिए जाते थे, कांग्रेस के शासन में किसानों पर गोलियां क्यों चलाई गई। ऐसे बहुत से सवाल हैं, जिनका जवाब आज तक कांग्रेस नहीं दे पाई।

जनसभा में पूंडरी विधानसभा प्रत्याशी सतपाल जाम्बा, कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल, जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, मुख्य सचेतक योगेश्वर गर्ग, जिला महामंत्री सुरेश संधू व पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद बंसल, सुरेश संधू, कर्मवीर कॉल, आदित्य भारद्वाज, बलविंदर जांगड़ा, रोशन सैनी, देवी दयाल बरसाना आदि उपस्थित रहे।

**कांग्रेस ने झूठे वादों से कई राज्यों में हड़पी सत्ता**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक, हिमाचल, और तेलंगाना में कांग्रेस झूठे वादे किए, लेकिन आज तक कोई भी वादा पूरा नहीं किया। कांग्रेस का काम ही झूठ बोलना और जनता का शोषण करना है। कश्मीर मुद्दे पर भी मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में धारा 370 को फिर से लागू करने की बात कही है और कांग्रेस ने उसका समर्थन किया है। ऐसे लोग जो देश को कमजोर करना चाहते हैं, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने का समय आ गया है।

**भाजपा सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के लिए समर्पित**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा ने विकास की ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने भ्रूण हत्या, क्षेत्रवाद, और भाई-भतीजावाद को खत्म किया। साथ ही लाखों बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए भाजपा द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। नायब सिंह सैनी ने जनता को भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के लिए समर्पित है। उनकी सरकार ने गरीब परिवारों को मुफ्त रोडवेज यात्रा की सुविधा दी है और गैस सिलेंडर की कीमतें कम करके महिलाओं को राहत पहुंचाई है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पूंडरी से कमल का फूल बड़े बहुमत से खिलेगा। उन्होंने कहा, मैं आपके बीच आशीर्वाद लेने आया हूं और आपको विश्वास दिलाता हूं कि पूंडरी का विकास हमारी प्राथमिकता होगी। हम दिन-रात काम करेंगे ताकि पूंडरी विकास की नई ऊंचाइयों को छू सके। इस दौरान उन्होंने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा से अपने परिवार के बीच होने का एहसास होता है ।

# इनेलो-बीएसपी और हलोपा का है मजबूत और अटूट गठबंधनः गोपाल कांडा

## कांडा का दावा : सिरसा में आएगी प्रदेश की सत्ता

चेतना ब्यूरो

**सिरसा/रणबीर खटक।** हरियाणा लोकहित पार्टी के सुप्रीमों गोपाल कांडा ने कहा कि इनेलो-बीएसपी और हलोपा का मजबूत और अटूट गठबंधन है। इस गठबंधन की बढ़ती लोकप्रियता से विरोधी घबराए हुए हैं। इस घबराहट और बोखलाहट में कई तरह की अफवाहें फेलाई जा रही हैं। गोपाल कांडा ने कहा कि उन्होंने इनेलो की किसान हितैषी सोच के साथ गठबंधन किया है। वे भी किसान हितैषी रहे हैं। सिरसा के गांवों में किसानों के लिए अनेक तरह की योजनाएं उन्होंने निजी और सरकारी तौर पर दिलवाने का काम किया है। एचएलपी सुप्रीमों गोपाल कांडा ने कहा कि सिरसा के चौतरफा विकास के लिए वे संकल्प पत्र शीघ्र ही जारी करेंगे। उन्होंने संकल्प पत्र से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की। हिसारिया बाजार स्थित कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गोपाल कांडा ने कहा कि सिरसा के सभी 31 गांवों और वार्डों में उन्होंने विकास की अनेक योजनाओं को लागू करने का काम किया। एक हजार करोड़ रूपये से ज्यादा की लागत से बनने वाले बाबा सरसाईंनाथ मेडिकल कालेज को मंजूर करवाया। इसके अलावा स्ट्रॉम वाटर जैसी कई योजनाओं को जनहित में शुरू करवाया। गोपाल कांडा ने कहा कि उनका संकल्प सिरसा के चौतरफा विकास है। इसी के आधार पर ही वे बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का प्रबंध करवाएंगे। बद्दी की तर्ज पर विशेष आर्थिक जोन की स्थापना सिरसा में करवाएंगे। उद्योगपतियों को सुविधाएं मिलेंगी तो वे सिरसा जैसे क्षेत्र में भी बड़े उद्योगों की स्थापना करेंगे। रोजगार



मिलने से नशाखोरी रूकेगी और समाज के सभी वर्गों को इसका लाभ मिलेगा। समाज के जरूरतमंद परिवारों के लिए भी वे कई आर्थिक योजनाएं निजी तौर पर लाएंगे। इसके साथ-साथ युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए विशेष केन्द्र की स्थापना और किसानों के लिए भी कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू करवाने के लिए प्रयास करेंगे।

एक सवाल के जवाब में गोपाल कांडा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी रोहताश जांगड़ा के समर्थन और नामांकन को लेकर उनकी कोई बातचीत नहीं हुई है। इनेलो-बीएसपी और हलोपा के गठबंधन से कई लोगों के पेट में दर्द है। इसको लेकर कई तरह की अफवाहें फैलाने का काम किया जा रहा है।

# सरकार ने किसानों को बर्बाद करने का काम किया : गर्ग

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने आढ़ती, किसान व राइस मिल मालिकों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि सरकार ने चावल की निर्यात बंद करके किसानों को बर्बाद करने का काम किया है जबकि धान की किस्म 1509 का भाव 4000 रूपए प्रति क्विंटल तक होनी चाहिए, मगर मजबूरी में आज किसान 1509 धान 2850 रुपए तक में बेच रहा है जिसके कारण किसान को बड़ा भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण हरियाणा में चावल उद्योग बर्बादी के कगार पर है।

# भाजपा के हर घोटाले की जांच होगीः बीबी बतरा

**रोहतक, चेतना संवाददाता।** भाजपा सरकार के दौरान हुए भर्ती घोटाले, शराब घोटाले, अमृत घोटाले की जांच की मांग कांग्रेस ने बार-बार की, लेकिन भाजपा सरकार हर घोटाले को दबा गई। कांग्रेस सरकार बनने पर भाजपा सरकार में हुए सभी घोटालों की जांच होगी और ये जांच सार्वजनिक की जाएगी। ये बात रोहतक से कांग्रेस प्रत्याशी भारत भूषण बतरा ने सोमवार को एक कार्यकर्ता बैठक संबोधित करते हुए कही।

विधायक बतरा ने कहा कि भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ साढ़े 9 साल तक कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही गरीबों, किसानों और मजदूरों के हितों की लड़ाई लड़ी है। विधायक बतरा ने कहा कि जात-



पात और धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा प्रदेश के वास्तविक मुद्दों पर कभी बात नहीं करती। उन्होंने आरोप लगाया कि साढ़े नौ साल तक रोहतक शहर की बिजली, पानी, सड़क और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं के मामले में लगातार अनदेखी की गई है। बतरा ने अपना संकल्प दोहराया कि कांग्रेस सरकार बनते ही बिजली-पानी की कमी, सड़कों की खराब हालत और स्ट्रीट लाइट की कमी जैसी मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा।

इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी भारत भूषण बतरा के नेतृत्व में इनेलो के शहरी अध्यक्ष राकेश सहगल ने अपने समर्थकों सहित कांग्रेस का हाथ थामा। इसके अलावा जींद रोड शमशान भूमि के महासचिव एडवोकेट अतुल गोयल, ईशानी गोयल, सूची गोयल और प्रवीण प्रजापत भी कांग्रेस में शामिल हुए।

# अमृता वडिंग बोलीं तुसी अमित नू विधायक बनाओ मंत्री असी आपे बनवा देवांगे

**डबवाली, चेतना संवाददाता।** ÷तूसी अमित नू विधायक बना देओ मंत्री असी आपे बनवा लवांगे÷ यह बात पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग की धर्मपत्नी अमृता वडिंग ने हलका डबवाली से कांग्रेस प्रत्याशी अमित सिहाग के लिए डबवाली के गांव में चुनाव प्रचार के दौरान कही।

अमृता वडिंग ने डबवाली हल्के के गांव सावंतखेड़ा, नीलियावाली, पन्नीवाला रुल्दू, मिठडी, टप्पी, पाना, खोखर, हस्सु, नौरंग,तिगड़ी, चट्ठा आदि गावों में तूफ़ानी प्रचार करते हुए विपक्षियों पर जमकर निशाने साधे। वडिंग ने कहा कि आज तक दूसरी पार्टी वाले नेता अहंकार,दबाने, भय,भ्रष्टाचार की



राजनीति करते थे, हमने उस राजनीति को बदलना है।डॉ केवी सिंह सिंह अंकल जी और भाई अमित सिहाग ने सदैव शराफत के साथ विकास की राजनीति की है और इस चुनाव में अमित सिहाग के जीतने के बाद राजनीति केवल शराफत और विकास की ही होगी।

अमृता वडिंग ने कहा कि जेजेपी वाले झूठे लोग हैं, 2019 के चुनाव में कहते थे कि बीजेपी को यमुना पर भेजेंगे, फिर जाकर उसी बीजेपी से समझौता करके सरकार में मलाई खाई ,नोट कमाए और अब फिर जनता को धोखा देने की नीयत से एक सोची समझी साजिश के तहत भाजपा की बी टीम बनकर काम कर रहे हैं ताकि किसी न किसी तरीके से कांग्रेस के वोट काटे जा सके, हमें ऐसे लोगों से बचना है।

सरदारनी अमृता वडिंग ने कहा ये लोग किसान मसीहा ताऊ देवीलाल जी की फोटो लगाते हैं पर देवीलाल जी की किसी भी बात पर नहीं चलते, उन्होंने कहा कि देवीलाल जी ने कहा था कि बेशक कांग्रेस को वोट दे देना पर भाजपा से हमेशा दूर रहना, लेकिन यह सत्ता के भूखे लोग सबसे पहले बीजेपी से गठबंधन करने को आतुर हो गए। हमारे देश के किसानों का दुनिया का सबसे बड़ा किसान आंदोलन हुआ, लेकिन खुद को किसान,कमेरे वर्ग की हितेषी बताने वाली जेजेपी ने किसानों की सुध तक नहीं ली।

# नुहियांवाली गांव में दर्जनों परिवार इनेलो छोड़ कांग्रेस में शामिल

**डबवाली,चेतना संवाददाता।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ केवी सिंह लगातार हल्के में सक्रिय है और अपने जनसंपर्क अभियान के तहत प्रतिदिन विभिन्न पार्टियों को तगड़े झटके देते जा रहे हैं। इसी कड़ी में उनके नुहियांवाली गांव के दौरे के दौरान दर्जनों परिवारों ने इनेलो छोड़ कांग्रेस में अपनी आस्था व्यक्त की।

इनेलो छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए लादूराम गढ़वाल, सुभाष कटारिया, सोहनलाल, राजेंद्र फौजी, राजेंद्र जयानी, महेंद्र कुकना, मोहनलाल बरजाती, रॉबिन सोढ़ी, राजेंद्र, सुभाष, विक्रम, मधुराम, सत्यपाल आदि



सहित दर्जनों परिवारों को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए डॉ केवी सिंह ने कहा कि पूरे हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की जबरदस्त लहर चल रही है और दो तिहाई बहुमत से कांग्रेस हरियाणा में सरकार बनाने जा रही है जिसमे डबवाली की जनता ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का पूरा मन बना लिया है।

डॉ केवी सिंह ने कहा कि वो हमेशा इनेलो, जेजेपी,बीएसपी, आम आदमी पार्टी सहित तमाम पार्टियों को भाजपा की भी टीम कहा करते थे और आज गोपाल कांडा के बयान ने उनकी बात को सच साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि गोपाल कांडा ने कहा बीजेपी,इनेलो,हलोपा,बीएसपी हरियाणा में मिलकर सरकार बना रहे हैं, इस बयान से पता चलता है कि यह सब क्षेत्रीय पार्टियां आपस में मिली हुई है और वोट काट कर भाजपा को सीधा लाभ देना चाहती हैं। डॉ सिंह ने कहा कि बीजेपी ने जेजेपी से गठबंधन एक साजिश के तहत तोड़ा है ताकि भाजपा के खिलाफ पडने वाली वोटो को बांटा जा सके।उन्होंने कहा कि पहले जेजेपी पार्टी का प्रयोग कर भाजपा सत्ता में आई और अब इनेलो सहित तमाम अन्य पार्टियों के सहयोग से वह जनता को भरमाना चाहती है, लेकिन जनता बहुत जागरुक है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी आज हिसार में

**हिसार,चेतना संवाददाता।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को हिसार आएंगे। वे यहां के सेक्टर 1-4 में आयोजित भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह एवं श्रमिक दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है।वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि यह कार्यक्रम मंगलवार को सुबह 10 बजे सेक्टर 1-4 में होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि होंगे वहीं राष्ट्रीय कामगार संघ हरियाणा के अध्यक्ष जंगबहादुर यादव मुख्य वक्ता होंगे।

# भाजपा की नीतियों से आज हर वर्ग खुश : हरविन्द्र कल्याण



**घरौंडा,चेतना संवाददाता।** घरौंडा से भाजपा प्रत्याशी हरविन्द्र कल्याण को आज गांव हसनपुर में भारी समर्थन मिला। सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने हरविन्द्र कल्याण को जोरदार फूलों के साथ स्वागत किया और एक बार फिर घरौंडा में भाजपा को जिताने का आश्वासन दिया। घरौंडा से भाजपा प्रत्याशी हरविंद्र कल्याण ने कहा कि भाजपा की नीतियों से आज हर वर्ग खुश है। भाजपा सरकार ने हमेशा गरीबों के हित में कार्य किये हैं। कभी भी किसी से कोई भेदभाव नहीं किया। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सबको एक साथ लेकर चलती है और पूरे प्रदेश में एक समान रुप से विकास कार्य करवाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की इन्ही विकास नीतियों के चलते प्रदेश की जनता एक बार फिर हरियाणा में पूर्ण बहुमत के साथ हरियाणा में सरकार बनाएगी।

पिछले दस वर्षों का साथ आगे भी निरंतर जारी रहेगा। भाजपा प्रत्याशी हरविन्द्र कल्याण आज गांव कैमला में अपना जनसंपर्क करने पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान हरविंद्र कल्याण ने गांव के बुजुर्गों का आर्शीवाद प्राप्त किया। ग्रामीणों ने उन्हें विश्वास दिलाया कि वे उनके साथ खड़े हैं और घरौंडा में एक बार फिर कमल खिलाएंगे।

# भैणी भैरों में डोर-टू-डोर संपर्क किया कुंडू ने



**महम,चेतना संवाददाता।** हजपा प्रमुख एवं महम के विधायक बलराज कुंडू ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा किया है। प्रदेश बेरोजगारी व अपराध में नंबर एक बना हुआ है। व्यापारी वर्ग खुद को असहज महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सत्ता में बदलाव चाहती है और हजपा महम क्षेत्र वासियों को एक सार्थक विकल्प प्रदान कर रही है। कुंडू ने सोमवार को गांव भैणी भैरों में डोर-टू-डोर संपर्क करते हुए कहा कि प्रदेश के किसान, मजदूर व बेरोजगार युवा भाजपा सरकार की ज्यादतियों को नहीं भूले हैं।

# जजपा और भाजपा के नेताओं ने सुरजेवाला को दिया समर्थन

**कैथल,चेतना संवाददाता।** कैथल विधानसभा का चुनाव बहुत ही दिलचस्प होता जा रहा है, रणदीप सुरजेवाला व आदित्य सुरजेवाला ने पुरजोर तरीके से कैथल का माहौल कांग्रेस व आदित्य सुरजेवाला के पक्ष में बना लिया है। आए दिन सैंकड़ो पदाधिकारी व नेता भाजपा, जजपा,इनैलो व आम आदमी पार्टी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी ज्वाईन कर रहे हैं। इसी क्रम में जजपा से युवा जिलाध्यक्ष जयवीर ढाँडा सहित अनेकों पदाधिकारियों, ब्राह्मण धर्मशाला के पूर्व प्रधान रामपाल शर्मा सिरटा, कुलतारण से पूर्व सरपंच



सुभाष मोठसरा,गुरु नानक कॉलोनी, वार्ड 3 से पूर्व पार्षद दलीप सिंह ओढ़, क्योडक, गुहणा इत्यादि से अन्य दलों क़ो छोड़कर रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।

सुरजेवाला ने कहा कि किसान, मजदूर व गरीब के हकों व अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आज जेजेपी पार्टी की युवा कार्यकारिणी ने मुझे समर्थन दिया है। सैंकड़ो साथियों ने कैथल से कांग्रेस के प्रत्याशी आदित्य सुरजेवाला के साथ मिलकर आगे बढ़ने और इलाके की आवाज बनने का फैसला लिया है। हम साथ मिलकर चलेंगे, आगे बढ़ेंगे, और इस लड़ाई क़ो जीतेंगे। सुरजेवाला ने कैथल में खुरानिया परिवार, धीमान समाज, प्रजापति समाज द्वारा आयोजित अभिनन्दन समारोह में भी शिरक्त की। समाज के सभी साथियों ने कांग्रेस प्रत्याशी आदित्य सुरजेवाला के पक्ष में अपना समर्थन रणदीप सुरजेवाला क़ो दिया। रणदीप सुरजेवाला ने कांग्रेस पार्टी में आने पर सब साथियों का स्वागत व अभिनन्दन किया।

# सांसद दीपेंद्र हुड्डा व सांसद जयप्रकाश आज मंडी आदमपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**हिसार,चेतना संवाददाता।** आदमपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी चंद्र प्रकाश के समर्थकों की संख्या में हर रोज इजाफा हो रहा है। बढ़ते समर्थकों के कारण कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप बेनीवाल से उनके कार्यालय में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ चंद्र प्रकाश ने सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद प्रदीप बेनीवाल ने कहा कि वे चंद्र प्रकाश के साथ हैं और चुनाव जितवाने में हरसंभव सहयोग करेंगे।

उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ भाई चंद्र प्रकाश जी के लिए चुनाव प्रचार में जुट जाएं, ताकि कांग्रेस की जीत सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान सभी समर्थकों में लड्डू बांटकर मुंह मीठा करवाया गया।

इस मुलाकात को ऐतिहासिक बनाते हुए प्रदीप बेनवाल के कार्यालय से रोड शो शुरू हुआ जिसमें हजारों समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, चंद्र प्रकाश आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैं के नारों से पूरी आदमपुर मंडी गूंज उठी। कांग्रेस उम्मीदवार चंद्र प्रकाश के कार्यालय पर इस रोड शो का समापन हुआ।

# सुमन सैनी ने लाडवा हलके में किया जनसंपर्क अभियान तेज

**लाडवा,चेतना संवाददाता।** हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं लाडवा से भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए हलके में अपने जनसंपर्क अभियान को तेज किया। सोमवार सुबह भाजपा हरियाणा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमन सैनी ने लाडवा हलके के गांव चंदपुरा, मंडखोरा, सूजरी और सुजरा गांव में अपना जनसंपर्क अभियान चलाया। सुमन सैनी ने लाडवा हलके से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे सीएम नायब सिंह सैनी के पक्ष अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। हलके के गांवों में



पहुंचने पर सीएम नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी का जोरदार स्वागत किया और हलके के गांवों में पहुंचने पर उनका धन्यवाद किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सुमन सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार एक जन हितैषी सरकार है और जनता के हित और कल्याण के लिए हरियाणा प्रदेश में अनेक विकास योजनाएं भाजपा सरकार में लागू की गई है। तीसरी बार भाजपा सरकार बनने के बाद भी प्रदेश में अनेक नई विकास परियोजनाएं सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा लागू की जाएगी।

लाडवा हलके के गांवों में भाजपा को भारी जनसमर्थन मिला और लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने का वादा किया। इस अवसर पर रिंकू , सुरेश कुमार, विकास सैनी, माया राम, कंवलजीत कौर, रीना सेनी, नरेंद्र, डिंपल, विकास कुमार, ऋषिपाल आदि मौजूद रहे।

# आम आदमी पार्टी ने किया चुनावी कार्यालय का शुभारम्भ

**कुरुक्षेत्र/ शाहाबाद,चेतना संवाददाता।** आम आदमी पार्टी प्रत्याशी आशा पठानिया ने बराड़ा रोड पर अपने चुनावी कार्यालय का शुभारम्भ किया। शाहाबाद हल्का प्रभारी एवं पंजाब से पार्टी के वरिष्ठ नेता ओमकार चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सफाई कर्मचारी रमेश कुमार के हाथों रिबन कटवा कर प्रत्याशी ने चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया। आशा पठानिया ने कहा कि हरियाणा की जनता ने एक बार सभी पार्टियों को मौका देकर देख लिया है। अब समय आम आदमी पार्टी पर भरोसा करने



का है। उन्होंने कहा कि अगर जनता चाहती है कि पंजाब और दिल्ली की तर्ज पर हरियाणा में भी विकास कार्य हो, तो आम आदमी पार्टी ही विकल्प है। आशा ने कहा कि शाहाबाद में हर तरफ गंदगी और नशे का अंबार है। इसलिए अगर वह जीत कर विधायक बनती है, तो शाहाबाद की हर समस्या का समाधान करवाने के लिए वे वचनबद्ध है।